# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 11 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 318 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## यूपी में 10 आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 10 क्अर अफसरों का ट्रांसफर कर दिया. रविवार शाम ट्रांसफर सूची जारी की गई है. सेवानिवृत्ति से ठीक 1 महीने पहले अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण विभाग मनोज सिंह को उनके पद से हटा दिया गया. सरकार ने उनको फिलहाल प्रतीक्षारत रखा है. दूसरी ओर राजशेखर को जल निगम के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इन दोनों आईएएस अधिकारियों सहित 10 अफसरों को नई जिम्मेदारियां मिली है. डॉ. राज शेखर को यूपी जल निगम (ग्रामीण) के पद पर बरकरार रखा गया है. अभी तक वह नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और यूपी भूमि सुधार निगम के एमडी का भी काम देख रहे थे. सिंचाई एवं जल संसाधन के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और यूपी भूमि सुधार निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.




## कमिश्नरेट में आई अतिरिक्त फोर्स का दिख रहा है असर

### जिन थाना क्षेत्रों में है चुनावी माहौल, वहां कम हो रहा है क्राइम रिकॉर्ड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में दीपावली के पहले जैसे ही चुनावी आचार संहिता की घोषणा हुई थी, बड़ी संख्या में पुलिस बाल को सुरक्षा के लिहाज से बुलाया गया था। बाहर से आई पीएसी व आरआरएफ की तैनाती की वजह से बीते लगभग 15 दिनों के दौरान किसी प्रकार की लूट और बड़ी आपराधिक वारदात भी नहीं हुई है। क्राइम कंट्रोल की स्थिति के लिहाज से यह ठीक है, तो वहीं सड़कों पर जगह-जगह चेकिंग अभियान चलने और पुलिस के जवानों के द्वारा फ्लैग मार्च किए जाने का भी असर क्राइम कंट्रोल पर नजर आ रहा है।

**इन थानाक्षेत्रों में है चुनावी माहौल का असर :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव हो रहा है। विधानसभा उपचुनाव का जो क्षेत्र है वहां देहात का क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना आता है। तो वहीं सिटी जोन के अंतर्गत विजयनगर, घंटाघर कोतवाली, सिहानी गेट, नंदग्राम और कवि नगर थाना क्षेत्र आता है। यहां बीते 15 दिनों में किसी प्रकार की बड़ी लूट और आपराधिक वारदात न होना बता रहा है कि कानून व्यवस्था की स्थिति के अनुसार मामला कंट्रोल में चल रहा है।



### हर इलाके में हो रही है पुलिस की पैदल गश्त

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात और सिटी जोन के जिन थानाक्षेत्रों में चुनावी आचार संहिता लागू है, वहां प्रतिदिन पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की जाती है। दिनभ्र में दो बार रेंडम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यही वजह है कि पुलिस सड़कों पर नजर आ रही है और अपराधियों में पुलिस मूवमेंट की वजह से डर बना हुआ है। अभी तक ना हो रहे बड़े क्राइम के बाद यह बात की जा रही है।

## वकीलों की हड़ताल का बदलेगा आज से स्थान और स्टाइल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते एक सप्ताह से चल रहा गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन और हड़ताल वाला रूप शांतिपूर्वक चल रहा था लेकिन सोमवार से इस आंदोलन की रूपरेखा बदलने और स्थान के साथ स्टाइल बदलने की भी बात की जा रही है।

बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने जानकारी दी है कि सोमवार से उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में अधिवक्ता कार्य बहिष्कार करेंगे और हड़ताल में शामिल होने के साथ अपने-अपने इलाके में 12 से 2:00 बजे तक दो घंटे के लिए शांतिपूर्ण ढंग से सड़क जाम करने का कार्य करेंगे। अभी तक अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन बार एसोसिएशन सभागार के बाहर चल रहा था, अब देखना होगा कि सोमवार से नया स्थान क्या चिन्हित किया जाता है।

### शांतिपूर्वक धरने को हो चुका है एक सप्ताह का समय

### अभी तक नहीं हुई है लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई



### नहीं हो रही सुनवाई, हजारों केस पेंडिंग

करंट क्राइम : वकीलों की हड़ताल के चलते पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख जिलों में हड़ताल चल रही है। हड़ताल की वजह से यहां ना तो सुनवाई हो रही है, ना केस में अगली तारीख और स्थिति मालूम चल रही है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा का कहना है कि सोमवार से अधिवक्ता एक साथ सभी जिलों में हड़ताल रखेंगे और दो घंटे सड़क भी जाम करेंगे।

### पुलिस की रहेगी भारी संख्या में मौजूदगी, पर वकीलों से नहीं होगा आमना-सामना

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सोमवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रहेगी, तो इस लिहाज से कलेक्ट्रेट और पुलिस मुख्यालय के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी लेकिन पुलिस के अधिकारियों की प्लानिंग है कि अधिवक्ताओं और पुलिस आमने-सामने ना आए ताकि किसी प्रकार के टकराव की स्थिति ना बने। वहीं एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि कानून व्यवस्था की स्थिति कंट्रोल करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।



### अधिवक्ता आज भी बंद रखेंगे गेट



करंट क्राइम : गाजियाबाद कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का हड़ताल को लेकर आज आठवां दिन रहेगा। बीते 8 दिनों से अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद कोर्ट में कोई कामकाज नहीं होने दिया है। इसी के साथ लगातार गाजियाबाद बार एसोसिएशन को अलग-अलग अधिवक्ताओं के संगठनों से भी समर्थन मिल रहा है। जानकारी है कि आज भी अधिवक्ता कचहरी के मुख्य मार्ग पर गेट बंद कर अंदर आने वाले लोगों को रोकने का काम करेंगे।

## कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान को लेकर 5 दिन रहेगा गाजियाबाद में रूट डायवर्जन

- अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ जाने वाले ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का करेंगे प्रयोग
- हापुड़ जाने वाले मार्ग पर भारी वाहनों की रहेगी रोक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान है। गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा गंगा स्नान के लिए कई दिन पहले से पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। जो गंगा स्नान के बाद तक जारी रहता है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा में यातायात व्यवस्था की दृष्टिगत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा गाजियाबाद से गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ की ओर जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहनों को 12 नवंबर रात्रि 11:00 बजे से लेकर 17 नवंबर को कार्यक्रम समाप्ति होने तक रूट डायवर्जन रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों को हापुड़ की ओर नहीं जाने दिया जाएगा।

**ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर जाएंगे भारी वाहन :** एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह ने जानकारी दी है कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए भारी वाहनों जो अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ आदि जाना चाहते हैं, उनको हापुड़ नहीं जाने दिया जाएगा। ऐसे सभी वाहन डासना गाजियाबाद से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का प्रयोग करते हुए सिकंदराबाद ,बुलंदशहर, डिबाई, नरोरा और बबराला होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।




### कंट्रोल रूम को किया गया अलर्ट

करंट क्राइम : गंगा स्नान को लेकर जहां पांच दिनों तक रूट डायवजर्वन रहेगा। तो वहीं पुलिस कंट्रोल रूम को भी अलर्ट किया गया है। किसी भी मार्ग पर यातायात की अवस्था होने या जाम की स्थिति बनने पर वैकल्पिक मार्गों का भी प्रयोग करवाया जाएगा।

## भर गये नीरज सिंह संजीव शर्मा के चुनाव में जोश

### कहा : साहिबाबाद को पछाड़ते हुए शहर देगा इस बार बड़ा जनादेश





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में चुनाव हो और नीरज सिंह की आमद ना हो ये नहीं हो सकता। गाजियाबाद के भाजपाईयों के लिए यूथ आईकॉन नीरज भैया रविवार को गाजियाबाद आये। यहां सबसे बड़ी बात ये थी कि नीरज सिंह के लिए लाइन पार के क्षेत्र को विशेष से चुना गया था। क्रासिंग रिपब्लिक मंडल में उनकी जनसभा थी। प्रताप विहार में उनकी जनसभा थी और विजयनगर में उनकी जनसभा थी। ये इलाका शहर विधानसभा का सबसे अहम इलाका माना जाता है। यहां वोट संख्या के हिसाब से भाजपा को एक बड़ा माईलेज मिलता है। नीरज सिंह का यहां छठ के तुरंत बाद कार्यक्रम का रखा जाना भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा है। नीरज सिंह को जिस उम्मीद के साथ बुलाया गया था वो उस उम्मीद पर पूरी तरह खरे उतरे। नीरज सिंह आये और एक काफिला उनके साथ चला। सबसे बड़ी बात ये थी कि नीरज सिंह के अपने चिर परिचित अंदाज में भाषण दिया और वो संजीव शर्मा के चुनाव में जोश भर गये। नीरज सिंह ने माइक संभाला और कहा कि ये गाजियाबाद है और यहां से उम्मीदें बहुत हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा वोटों से ये गाजियाबाद भाजपा को मेयर का चुनाव जिताता है। एक बड़े जनादेश के यहां लोकसभा का चुनाव जीता जाता है। विधानसभा में देश का सबसे बडा जनादेश आता है। नीरज सिंह ने इस बार मतदाताओं से आहवान किया कि वो साहिबाबाद विधानसभा के रिकार्ड को तोड दें। गौरतलब है कि साहिबाबाद विधानसभा को देश में सबसे बडा जनादेश मिला है। नीरज सिंह ने साहिबाबाद का हवाला देते हुए कहा कि इस बार शहर सीट पर भाजपा को साहिबाबाद से भी बड़ा जनादेश मिलेगा। नीरज सिंह ने कहा कि निश्चित रूप से क्षेत्र के मतदाताओं का उत्साह और उत्तेजना उनकी वाणी में नजर आ रही है। नीरज सिंह जब क्रासिंग से लेकर प्रताप विहार तक अलग अलग क्षेत्रों में गये तो यहां जनता ने उनका उत्साहवर्धन किया।

भाजपा कार्यकताओं ने पूरे माहौल को जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों से गुंजायेमान कर दिया। नीरज सिंह ने भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के पक्ष में प्रचार करते हुए मंच से ये दावा किया कि संजीव शर्मा इस चुनाव को केवल जीत ही नहीं रहे हैं बल्कि यहां जीत का एक सबसे बड़ा इतिहास वो बनाने जा रहे हैं।

# योगी सरकार के मंत्री कुंवर ब्रिजेश सिंह और यूथ आइकॉन नीरज भैया की उपस्थिति में राजपूत कल्याण संघ ने संजीव शर्मा को दिया समर्थन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के चुनाव में यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने लाइन पार की कमान संभाल कर चुनाव प्रचार का तूफानी दौर शुरू किया।

इसी कड़ी में राजपूत कल्याण संघ के भव्य कार्यक्रम में लीलावती पब्लिक स्कूल के ठीक सामने गुरुद्वारा वाले पार्क में अन्य सर्व समाज के साथ मिलकर भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को राजपूत कल्याण संघ द्वारा समर्थन सभा में पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुंवर ब्रिजेश सिंह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, यूथ आइकॉन नीरज सिंह युवा भाजपा नेता मुख्य वक्ता के रूप में रहे। साथ में विशिष्ट अतिथि मदन चौहान पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकर, भाजपा नेत्री ठाकुर शिखा सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान राजपूत कल्याण संघ की टीम और सदस्य के अलावा अन्य सभी समाज के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। जिन्होंने कार्यक्रम में चार चांद लगाने का काम किया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी बड़े नेताओं और अन्य वक्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### कोई नहीं है दौड़ में, संजीव शर्मा की होड़ में : यूथ आइकॉन नीरज शर्मा

नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे आते ही पहली सभा में देखते ही आभास होने लगा कि शहर विधानसभा के उपचुनाव में तो केवल भाजपा का प्रत्याशी ही चुनाव लड़ रहा है। अन्य दल और उनके प्रत्याशी तो कहीं भी दौड़ में दिखाई नहीं दे रहे। मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा इस चुनाव में बड़ी जीत के साथ जीतेंगे ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत के रूप में विधानसभा का नाम दर्ज करने का काम करेंगे।



### अपराध मुक्त एवं बेटियों को सुरक्षा देने वाली सरकार बनाएं : कुंवर बृजेश सिंह

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि सपा की सरकार को भू माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने वाली सरकार के रूप में जाना गया और अब योगी सरकार को सुशासन, अपराध मुक्त एवं बेटियों को सुरक्षा देने वाली सरकार के रूप में पहचान मिली है। सदन में भाजपा का प्रत्याशी विधायक के रूप में जीत कर जाएगा तो निश्चित रूप से शहर विधानसभा को विकास और जनकल्याण में वृद्धि को अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र चौहान ने की। मंच का संचालन राजपूत कल्याण संघ के सचिव संजीव सिंह राठौर उर्फ (राजा भैया) एवं सचिव दीप्ति चौहान ने किया। इस भव्य कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का राजपूत कल्याण संघ की पूरी टीम की तरफ से राजपूत कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अपनी टीम के साथ संजीव शर्मा को समर्थन पत्र सौंपा। कार्यक्रम में बाबा मछन्दर नाथ भी विशेष आशीर्वाद देने पहुंचे।

**गणमान्य लोग मौजूद रहे :** कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व डिप्टी मेयर सुनील यादव, ब्लॉक प्रमुख मुरादनगर राजीव त्यागी और नगर निगम के अन्य वार्डों से आये पार्षदगण संतोष सिंह राणा, पूनम सिंह, ओमप्रकाश ओढ़, देवनारायण शर्मा, रवि भाटी, कन्हैया लाल, कालीचरण पहलवान, डॉ. अनिल तोमर, हिमांशु शर्मा, राजकुमार राजू समेत 10 से ज्यादा पार्षदों के अलावा नवयुवक भोजपुरी समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, भानु सिसोदिया, हरीश बुधानी, के एन डंगवाल, मानिक चौधरी, धर्मपाल सिंह। लाइन पार क्षेत्र के आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष आर के आर्य , महेंद्र यादव, इंजीनियर भारत शर्मा, महेंद्र शर्मा, व्यापार संगठन से आशीष सोनी, राजेश जादौन, सत्येंद्र चौहान, मनीष शर्मा, विशाल भारद्वाज, कुलदीप चौहान, राधेश्याम त्यागी, सरदार एसपी सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह उर्फ जग्गी, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह बिट्टू, सरदार सुखविंदर सिंह, दुलीचंद गाड़िया, भाजपा नेता राहुल तोमर श्रीकांत शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अरुण सिंह नितिन गहलोत, राजेश चौहान, पत्रकार रविंद्र राठौर, राजू चौहान, जीत सिंह चौहान, हरीश राठौर, संजीव राठौर, अभिषेक वार्ष्णेय, राजीव सिंह, ठाकुर अवंत सिंह, राहुल राणा, जयपाल नेगी, सुनील राणा, स्पर्श अग्रवाल, सुमित सिसोदिया, मोंटी ठाकुर, तीरथ सिंह रावत, जयवीर सिंह रावत, ओमप्रकाश सिंह सिसोदिया हरिओम शर्मा आदि के अलावा हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस भव्य कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेंद्र चौहान ने आभार व्यक्त किया।



# सीएम योगी बोले अपराधियों और माफिया का प्रोडक्शन हाउस है सपा

## दिन दहाड़े होती थी विधायकों की हत्या



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगंज में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में जनसभा की। कहा कि सारे माफिया सपा के पीडीए की उपज हैं। पहले दिन दहाड़े विधायकों की हत्या होती थी। देख सपाई बिटिया घबराई यहीं सपा और पीडीए का चरित्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा का मतलब माफिया और अपराधियों का जमावड़ा। कृष्णानंद राय और राजू पाल की दिन दहाड़े हत्या हुई। माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और खान मुबारक जैसे माफिया सपा से ही जुड़े थे। सीएम योगी रविवार को फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगंज में कोटवां स्थित तिलक इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में जनसभआ को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि पहले जनता का पैसा सैफई घराने के पास पैसा चला जाता था। उनके कारिंदों के पास चला जाता था। यह पीडीए नहीं प्रोडक्शन हाउस है दंगाइयों का। यूपी का कोई माफिया ऐसा नहीं है जो सपा का शागिर्द न हो। माफिया अतीक और मुख्तार, खान मुबारक यह सभी सपा के प्रोडक्शन हाउस की उपज है। सपा मूल्यों के लिए स्थापित किया गया था। जिस मूल्यों के लिए सपा की स्थापना की गई थी, आज की सपा उससे भटक गई है। समाजवादी पार्टी माफिया और अपराधियों का जमावड़ा है। देख सपाई बिटिया घबराई। यही सपा का चरित्र है। अयोध्या और कन्नौज, लखनऊ और हरदोई में बेटियों के साथ रेप किया गया। बेटियों के साथ अन्याय करोगे तो जहन्नुम में पहुंचाने का कार्य करूंगा।

### कांग्रेस की क्या मजबूरी है 370 की वापसी के पीछे

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर ने 370 की वापसी के पीछे कांग्रेस और इंडी गठबंधन की क्या मजबूरी है। जम्मू कश्मीर की सरकार ने 370 की वापसी के लिए प्रस्ताव पास किया है। यह 370 आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए वापस किया जा रहा है। मोदी सरकार इसको कभी वापस नहीं होने देगी। पूरे देश में एक निशान और एक ही विधान रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलपुर उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के लिए वोट मांगे। वह करीब तीन बजे प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगंज कोटवां में स्थित तिलक इंटर कॉलेज पहुंचे। मंच पर भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल, सांसद प्रवीण पटेल, मंत्री राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद विनोद सोनकर, महापौर गणेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

### प्रयागराज की धरती को सीएम ने किया नमन

भाषण शुरू करने से पहले योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज की धरती को नमन किया। कहा कि यह क्षेत्र गंगा की आंचल में स्थित है। यहां पर भगवान प्रयागराज और मां गंगा की असीम कृपा है। यह क्षेत्र पावन और पूज्य है। यहां से हर व्यक्ति की आस्था जुड़ी है। यह वर्ष प्रयागराज के लिए अत्यंत विशेष है, क्योंकि 12 साल के बाद यहां पर महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। पीएम मोदी ने यूनेस्को की सूची में कुंभ को सांस्कृतिक धरोहर की मान्यता दिलाने का कार्य किया है।

### दस वर्ष में बदली भारत की तस्वीर और तकदीर

योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने दस वर्ष में देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी है। साथ ही यूपी और प्र यागराज भी इससे अछूता नहीं रहा है। बिना हटे, रुके बिना और बिना थके डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। कभी यूपी अराजकता और दंगों के लिए जाना जाता था। पहचान का संकट था। बेटी और बहन की इज्जत सुरक्षित नहीं थी। किसान आत्महत्या करता था। व्यापारी असुरक्षित था। नौजवानों को नौकरी नहीं मिलती थी। सपा शासन में नौकरी पहले ही नीलाम हो जाती थी। किसानों को शासन की सुविधा का लाभ नहीं मिलता था। गरीबों को राशन नहीं मिलता था।

### अपने विचारों से भटक गई है सपा

योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने मूल्यों से भटक गई हैं। जिन स्वनाम धन्य राजनीतिज्ञों जय प्रकाश नारायण जेपी, राम मनोहर लोहिया, जनेश्वर मिश्र, मोहन सिंह, चंद्रशेखर आदि ने जिस राजनीतिक शुचिता और मूल्यों को लेकर सपा का गठन किया था।

# थाना और चौकी प्रभारी के नाम पर करते थे इलैक्ट्रानिक्स सामान की ठगी

## नंदग्राम पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

**लाखों के स्प्लिट एसी, एलईडी स्क्रीन और अर्टिगा कार बरामद**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नंदग्राम थाना पुलिस ने ऐसे चार शातिर ठग गिरफ्तार किए हैं, जो शोरूम मालिकों को थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी बताकर उनसे नंदग्राम इलाके में माल डिलीवर करते थे और फिर पेमेंट कुछ देर में करने का बहाना करके माल लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने इस मामले में मनीष, जयवीर सिंह, तमीम और दिलशाद को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चारों दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से दो एलईडी 43 इंची, दो एलईडी 55 इंची, दो स्प्लिट एसी, दो स्प्लिट एसी का सामान और घटना में इस्तेमाल होने वाली आर्टिका कार नोएडा नंबर की जप्त की है। बताया जा रहा है कि यह अब तक कई जगह इसी प्रकार से ठगी कर चुके हैं। पुलिस की माने तो यह गैंग पहले भी कई वारदातें कर चुका है।

### पुलिस का नाम लेकर शोरूम वालों को करते थे परेशान



**करंट क्राइम ।** एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने जानकारी दी है कि बीते दिनों थाना प्रभारी विजयनगर के नाम से एक एसी मंगाया गया। तो वही चौकी प्रभारी मोटरा के नाम से भी इलेक्ट्रॉनिक सामान का आर्डर किया गया। दोनों ही मामले में दुकानदार को पेमेंट नहीं की गई और यह माल लेकर यहां से रफू चक्कर हो गए। इस मामले की शिकायत पुलिस को मिलने के बाद थाना प्रभारी नंदग्राम धर्मपाल टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में लग गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलास के जरिए आरोपियों तक जाल फैलाया और उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि यह लोग नोएडा के वेयर हाउस से मॉल ऑर्डर करते थे और फिर ठगी कर फरार हो जाते थे।

### गैंग के सरगना पर दिल्ली से लेकर बागपत तक दर्ज हैं मुकदमे

**करंट क्राइम ।** एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने जानकारी दी है जसवीर उर्फ मोनू के खिलाफ थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली में एक मुकदमा दर्ज है, जो आयुध अधिनियम का है। साथ ही थाना मंडावली दिल्ली में दुष्कर्म संबंधी एक मुकदमा दर्ज है। थाना लाहौरी गेट में भी धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज है। साथ ही थाना बलोनी जिला बागपत में भी धोखाधड़ी और चोरी का मुकदमा आरोपी पर दर्ज है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए जसवीर उर्फ मोनू की उम्र 40 साल है और वह वेस्ट विनोद नगर पूर्वी दिल्ली का रहने वाला है, जबकि पकड़े गए तीनों अन्य आरोपी उससे कम उम्र के बताएं जा रहे हैं।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद रविवार को भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के चुनाव प्रचार के लिए आए। लोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष अतुल जैन ने उनसे राम अवतार जिंदल के आवास पर मुलाकात की।

# कांग्रेस नेता मतीन अहमद आम आदमी पार्टी में शामिल, पांच बार दिल्ली में रहे थे विधायक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी अपने खोए हुए जनाधार को हासिल करने के लिए 'दिल्ली न्याय यात्रा' निकाल रही है। इसी बीच दिल्ली में कांग्रेस के एक बड़े नेता ने पार्टी को अलविदा कह दिया। दिल्ली में पांच बार विधायक रह चुके वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी मतीन अहमद रविवार को कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरूआत में ही दिल्ली विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतीन अहमद का कांग्रेस छोड़ना पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मतीन अहमद को आम आदमी पार्टी में शामिल कराया। इसके उपरांत अरविंद केजरीवाल ने एक जानकारी साझा करते हुए कहा कि यमुना पार क्षेत्र में चौधरी मतीन अहमद जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करते आए हैं। चौधरी साहब का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है। बता दें कि दिल्ली में अगले कुछ महीनों में विधानसभा



के चुनाव होने हैं। कांग्रेस अपने कार्यकताओं को लगातार इन चुनावों के लिए प्रोत्साहित कर रही है। वहीं, जनता से जुड़ने का भी प्रयास चल रहा है। कांग्रेस की 'दिल्ली न्याय यात्रा' भी इसलिए निकाली जा रही है। रविवार को भी कांग्रेस की यह यात्रा दिल्ली के कई इलाकों में जारी रही। शनिवार को कांग्रेस की यह चुनावी यात्रा पांच अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में निकाली गई थी और इस दौरान लगभग 25 किलोमीटर का सफर तय किया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने में जुटे हैं। हालांकि इस पूरी कवायद के बीच चौधरी मतीन अहमद जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के जाने से पार्टी को नुकसान होने की आशंका है। कांग्रेस से पांच बार विधायक रहे चौधरी मतीन अहमद यमुना पार इलाके में कांग्रेस कार्यकताओं के बीच काफी सक्रिय रहे हैं। कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेताओं ने मतीन अहमद के आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेने पर अपनी असहमति दर्ज कराई, लेकिन इस विषय पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शीला दीक्षित के समय से मतीन अहमद यमुना पार में कांग्रेस के एक मजबूत नेता रहे हैं। रविवार को उन्होंने अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में कांग्रेस छोड़ दी और आम आदमी पार्टी में चले गए।

# राहुल की चिंताओं का मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया समर्थन

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कंपनियों के एकाधिकार के गंभीर मुद्दे को स्पष्ट और साहसिक रूप में देश के समक्ष रखा है जोकि हर नागरिक की चिंता को उजागर करता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा बाजार पर कुछ कंपनियों के एकाधिकार को लेकर जताई गई चिंताओं का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह चिंता केवल आलोचना नहीं है, बल्कि एक बड़े और आवश्यक परिवर्तन की मांग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा सभी नागरिकों को समान अवसर उपलब्ध करवाने, संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित करने और देश की आर्थिक संरचना में जनहित को सर्वोपरि रखने



की रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस गंभीर मुद्दे को स्पष्ट और साहसिक रूप में देश के समक्ष रखा है जोकि हर नागरिक की चिंता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि बाजार में यदि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी तो कीमतें भी नियंत्रित रहेंगी और उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं और उत्पाद मिलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में विचार करना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### ईमानदारी से चुनाव होने पर महाराष्ट्र में कांग्रेस गठबंधन की बनेगी सरकार : राशिद अल्वी



**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बयान, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, उद्धव ठाकरे, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयानों सहित अन्य मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार पर कांग्रेस नेता ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस हारी नहीं है, कांग्रेस को हराया गया है। मैं बार-बार कहता हूं की जब तक ईवीएम से चुनाव होगा, तब तक हम लोगों को इसका बहिष्कार करना चाहिए। फ्री एंड फेयर चुनाव के लिए बैलेट पेपर से चुनाव कराना चाहिए। चुनाव आयोग पर देश की जनता भरोसा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से चुनाव होने पर महाराष्ट्र में कांग्रेस और उसकी एलायंस की सरकार बनेगी। महाराष्ट्र की जनता ने इस बार तय कर लिया है कि ऐसे लोगों को बाहर करना है, जो कानून के दबाव व ईडी-सीबीआई का डर दिखाकर सरकार में आए थे। राज ठाकरे द्वारा मस्जिदों से सभी लाउडस्पीकर हटाने की बात कहने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी की कोई अहमियत नहीं है, इसलिए उनके बयान का कोई मतलब नहीं है। मीडिया में बने रहने के लिए वह इस तरह के बयान देते हैं। उनके बयानों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। नेता विपक्ष राहुल गांधी पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद अल्वी ने कहा है कि इस देश के अंदर संविधान के साथ सबसे ज्यादा खिलवाड़ भारतीय जनता पार्टी ने किया है। उनके मंत्री, नेता लगातार बयान देते हैं कि मुसलमानों की दुकानों से कुछ भी नहीं खरीदा जाए, क्या यह सब संविधान के मुताबिक है। ह्यबंटेगे तो कटेंगेह्न जैसे नारे लगाए जा रहे हैं, क्या यह संविधान के मुताबिक ठीक है। एक मुख्यमंत्री कहता है कि सब्जी के दामों को मुसलमानों ने बढ़ा दिया है।

### किश्तवाड़ में आतंकी और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ 4 जवान घायल, दो से तीन आतंकवादी घेरे में



**जम्मू।** किश्तवाड़ जिले के चास और कोतवाड़ा जंगल क्षेत्र में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है, जिसमें 11 राजपूत रेजिमेंट और पैरा स्पेशल फोर्स शामिल हैं। इस मुठभेड़ में 2-3 जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी घिरे हुए हैं और तीन जवान घायल हो गए हैं। जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चास और कोतवाड़ा जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों के अनुसार मुठभेड़ में 11 राजपूत रेजिमेंट (11 फ्फ) और पैरा स्पेशल फॉर्सभारत शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए उधमपुर शिफ्ट किया गया है। इस मुठभेड़ में दो से तीन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादी घिरे हुए हैं। कुछ सूत्रों का कहना है कि 3-4 आतंकवादी इस ऑपरेशन में घिरे हुए हैं। यह वही आतंकी समूह है जिसने हाल ही में किश्तवाड़ जिले में दो निर्दोष गांव रक्षा गार्डों की हत्या की थी। इसके अलावा एक सेना के जवान के घायल होने की भी खबर है। इस मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, और अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : अमित शाह ने भाजपा का 'संकल्प पत्र' किया जारी

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी राज्य महाराष्ट्र के लिए अपना 'संकल्प पत्र' रविवार को जारी कर दिया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और दिग्गज भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने इसको विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र का रोडमैप बताया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मुंबई में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी का 'संकल्प पत्र' जारी कर दिया है। इस दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र भारत और महाराष्ट्र के विकास का रोडमैप है। भाजपा जो कहती है, उसको पूरा भी करती है। भाजपा के संकल्प पत्र की कुछ महत्वपूर्ण वादों की बात करें तो पार्टी ने किसानों के कर्ज माफी का वादा किया है। साथ ही महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपए देने, वृद्धा पेंशन योजना के अंतर्गत 1,500 के बजाय 2,100 रुपए देने और महाराष्ट्र में 25 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया। पार्टी ने 2028 तक महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। संकल्प पत्र




जारी करने के दौरान अमित शाह ने महाविकास अघाड़ी को घेरते हुए उनके नेताओं पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बनावटी मुद्दे, लंबे समय तक नहीं टिकते, उनकी चुनावी घोषणाएं लालच के लिए हैं। वहीं, भाजपा का घोषणा पत्र को लोगों की उम्मीदों का संकल्प है। हमारा संकल्प पत्र पत्थर पर खींची लकीर है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में कुल 288 विधानसभा सीटें हैं। जिनके लिए एक ही चरण में 20 नवंबर के दिन मतदान प्रस्तावित है। सभी निर्वाचन क्षेत्रों के नतीजे एक साथ 23 नवंबर को सामने आएंगे। विपक्षी महागठबंधन महाविकास अघाड़ी में शामिल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), सत्ता पर काबिज महायुति सरकार को हटाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। वहीं, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजित पवार की एनसीपी के गठबंधन वाली महायुति सरकार के सामने एक बार फिर सत्ता में बने रहने की चुनौती है।

# उपचुनाव से पहले बसपा में बड़ी कार्रवाई

## तीन पदाधिकारियों को पार्टी से निकाला, तीन और बड़े नेता भी रडार पर

**मेरठ।** प्रशांत गौतम का कहना है कि बसपा सुप्रीमो के पीए मेवालाल गौतम ने मुनकाद अली के बेटै की शादी में जाने से मना किया था। इसकी कॉल रिकॉर्डिंग भी हमारे पास है। विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दौरान बहुजन समाज पार्टी में उठापटक शुरू हो गई है। पार्टी हाईकमान ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी कार्य करने के आरोप में मेरठ मंडल के प्रभारी प्रशांत गौतम, जिला प्रभारी दिनेश काजीपुर और महावीर प्रधान को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इससे पहले भी तीनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इनके अलावा पश्चिम उप्र के तीन बड़े नेता भी पार्टी हाईकमान के रडार पर हैं। वहीं, प्रशांत गौतम का कहना है कि तीनों को पार्टी राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली के बेटे की शादी में जाने पर पार्टी से निकाला गया है। उप्र की नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर



को उपचुनाव होना है। बसपा ने उपचुनाव में इन सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर ने भी उपचुनाव में प्रत्याशी उतारे हैं। बसपा के कोर वोट बैंक माने जाने वाले दलित समाज में आसपा ने भी सेंध लगानी शुरू कर दी है।

### चेतावनी देने पर भी नहीं हुआ कार्यशैली में सुधार : जिलाध्यक्ष

बसपा के जिलाध्यक्ष मोहित जाटव का कहना है कि हाईकमान के निर्देश पर पार्टी से निकाले गए तीनों पदाधिकारियों को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर कई बार चेतावनी दी गई। इनकी कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ। इस कारण तीनों को पार्टी हित में निष्कासित किया गया है।

### मायावती के पीए ने कॉल कर शादी में न जाने के लिए कहा : प्रशांत

प्रशांत गौतम का कहना है कि बसपा हाईकमान के पीए मेवालाल गौतम ने फोन कर हमें राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली के बेटे की शादी समारोह में न जाने के निर्देश दिए थे। जिसकी ऑडियो हमारे पास है। मुनकाद अली से हमारे रिश्ते पार्टी से नहीं, बल्कि पारिवारिक हैं। इसलिए हम बृहस्पतिवार को शादी समारोह में शामिल हुए थे। जबकि समारोह में मुजफ्फरनगर से कोई समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता, पूर्व सांसद कादिर राणा, उनकी पुत्रवधू मोरना सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा (मुनकाद अली की बेटी) भी नहीं पहुंचीं थीं।

बसपा के वोट बैंक को भाजपा, सपा ही नहीं बल्कि आसपा भी प्रभावित कर रही है। बसपा अपना कोर वोट बैंक बचाने का पूरा प्रयास कर रही है। ऐसी स्थिति में हाईकमान ने मीरापुर, गाजियाबाद समेत सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए पार्टी के मंडल कोर्डिनेटर, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्षों को लगाया हुआ है। पार्टी मुखिया सभी प्रत्याशी और पदाधिकारियों की गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

# कड़ाके की ठंड की बीच पुनर्निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार, जुटे हैं 700 मजदूर

**देहरादून।** पैदल मार्ग से केदारनाथ तक पुनर्निर्माण कार्यों ने रफ्तार पकड़ी है। धाम में सरस्वती नदी पर अंतिम चरण में निर्माण कार्य है। पैदल मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित किया जा रहा है। तस्वीरों में देखिए किस तरह कड़ाके की ठंड में 700 मजदूर यहां काम में लगे हैं।

केदारनाथ धाम में दिनोंदिन बढ़ रही चल रहे हैं। धाम में पुल, अस्पताल, बीकेटीसी भवन सहित अन्य भवन कार्य को इस वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही केदारनाथ-गौरीकुंड पैदल मार्ग को भी दुरस्त किया जा रहा है। पैदल मार्ग पर हिमखंड जोन पर सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं, जिससे आगामी यात्राकाल में सुरक्षित यात्रा संचालन हो सके। धाम से लेकर पैदल मार्ग पर 700 से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ में तीन चरणों में पुनर्निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन दिनों दूसरे चरण के तहत भवन सहित पुल, सीवर लाइन, एसटीपी प्लांट आदि कार्य किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का तीन मंजिला अस्पताल, श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का भवन सहित कई कार्य अंतिम चरण में हैं, जिन्हें इस वर्ष पूरा किया जाना है। इधर, बीते बीते 3 नवंबर को केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद कार्यों को तेजी से किया जा रहा है। पैदल मार्ग से भी घोड़ा-खच्चरों से प्रतिदिन कई क्विंटल निर्माण सामग्री धाम पहुंचाई जा रही है। केदारनाथ क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने का काम भी चल रहा है। मंदिर मार्ग से लेकर अन्य स्थानों पर सीवर लाइन बिछाई जा रही है, जिससे वहां के सभी भवन जोड़े जा रहे हैं। बेस कैंप के समीप सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। दूसरी तरफ इस वर्ष जुलाई में अतिवृष्टि से प्रभावित केदारनाथ-गौरीकुंड पैदल मार्ग को भी सुरक्षित और सुलभ बनाया जा रहा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# क्या विधानसभा उपचुनाव के बीच भाजपा में पक रहे हैं अध्यक्षी के चावल

## सियासी कसरतों के बीच अंदरखाने लड़ा जा रहा है अध्यक्षी की हसरतों का चुनाव




वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक तरफ चुनाव सदन में जाने का है और दूसरी तरफ चुनाव संगठन की कुर्सी का भी है। 9 सीटों पर उपचुनाव होना है और दूसरी तरफ भाजपा में संगठन वाली चुनाव प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है, प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है। पड़ोस वाले जनपद हापुड़ में तो बूथ और मंडल स्तर पर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इन सबके बीच गाजियाबाद में चुनाव में चुनाव हो रहा है। यहां शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। यहां की सियासत में संगठन से लेकर उम्मीदवारी तक एक मोड आया है। संगठन के अध्यक्ष ही उम्मीदवार हैं और वो चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं उनके बाद कौन अध्यक्ष होगा इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है। भाजपा के सूत्र बताते हैं कि विधानसभा उपचुनाव के बीच भाजपा में महानगर अध्यक्षी वाले चावल पक रहे हैं। सियासी कसरतों के बीच अंदरखाने महानगर अध्यक्ष की हसरतों वाल चुनाव लड़ा जा रहा है। कौन अध्यक्ष होगा इसकी चर्चा भाजपा के गलियारों में है। गाजियाबाद की एक सीट पर चुनाव है और बाकी सीटों पर चुनावी चर्चा से ज्यादा अध्यक्ष वाली चर्चा हो रही है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा में अध्यक्ष पद के दावेदार अब हर जगह फिल्डिंग लगा रहे हैं। वो चुनावी माहौल में आये बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द अपनी दावेदारी को रख रहे हैं। अगर प्रदेश अध्यक्ष आते हैं तो उनसे, क्षेत्रीय अध्यक्ष आते हैं तो उनसे, डिप्टी सीएम आते हैं तो उनसे और सांसदों विधायकों से अपनी बात रखी जा रही है। संगठन में बदलाव होना है और उपचुनाव में ऐसा मौका फिर नहीं मिलेगा। बड़े चेहरे यहां आ रहे हैं और अपनी बात कहने का पूरा अवसर मिल रहा है। बताया जाता है कि चुनाव के बीच अध्यक्षी वाले पुलाव की कढ़ाई चढ़ चुकी है।

### अध्यक्ष वाली कुर्सी पर वैश्य फैक्टर का इफैक्ट



करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष के ताज को लेकर दावेदार पूरी तरह तैयार है। सूत्र बताते हैं कि अध्यक्ष पद पर वैश्य फैक्टर का इफैक्ट आ सकता है। उसकी वजह यह बतायी जा रही है कि ब्राह्मण कोटे में टिकट गया है तो वैश्य कोटे में अध्यक्ष वाली कुर्सी आयेगी। वैश्य दावेदारों की बात करें तो यहां मयंक गोयल का नाम सुर्खियों में है। मयंक गोयल पार्टी के पुरोन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। महानगर टीक से लेकर क्षेत्रीय टीम में पदाधिकारी रहे हैं। वो विधानसभा टिकट वाली दौड़ में भी थे। उनका नाम प्रबलता से चला था। ऐसे में वो महानगर वाली कुर्सी के करीबी दावेदार माने जा रहे हैं। यहां वैश्य फैक्टर की बात करें तो गोपाल अग्रवाल का नाम सुर्खियों में बताया जा रहा है। गोपाल अग्रवाल महानगर राजनीति के मोस्ट एक्टिव चेहरे के रूप में उभरे हैं। बेहद व्यवहार कुशल और पार्टी गतिविधियों में हमेशा एक्टिव दिखाई देते हैं। कार्यकर्ताओं से बेहतर संवाद कायम कर लेते हैं और संगठन की दृष्टि से ये नाम मजबूत बताया जा रहा है। वैश्य फैक्टर की बात करें तो यहां पवन गोयल का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा है। पवन गोयल भाजपा के पुराने चेहरे हैं। वो पार्षद रहे हैं। जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। राजनीति में एक्टिव हैं और संगठन के लिहाज से अनुभव और सक्रियता दोनों ही पैमाने पर फिट बैठते हैं।

### त्यागी फैक्टर पर आयेंगे ये नाम और अन्य जातियों पर भी होगा विचार



करंट क्राइम। वैश्य फैक्टर के बाद दूसरा फैक्टर ब्राहमण फैक्टर बताया जाता है लेकिन भाजपा के ही थिंक टैंक नेता बता रहे हैं कि इस फैक्टर पर हो सकता है कि विचार ना हो। उसका कारण यह है कि एक सीट पर ब्राहमण मंत्री हैं और दूसरी सीट पर ब्राहमण को टिकट दिया है तो ऐसे में संगठन की तीसरी सीट पर ब्राह्मण चेहरे को नहीं लाया जायेगा। यहां जातिय संतुलन साधा जायेगा। यहां ब्राह्मण पर फोकस ना करके त्यागी समाज पर फोकस हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि यहां भाजपा के पुराने चेहरे प्रेम त्यागी को भी मौका मिल सकता है। प्रेम त्यागी भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। वो सौम्य चेहरों में गिने जाते हैं और मिलनसार स्वभाव के नेता माने जाते हैं। अगर त्यागी समाज को मौका मिलता है तो भाजपा अपने इस पुराने कर्मठ और समर्पित चेहरे को आगे ला सकती है। सक्रियता अगर पैमाना है और व्यवहार कुशलता की बात करें तो यहां भाजपा के बॉबी त्यागी का नाम भी आता है। संगठन के काम हो या चुनावी भागदौड़ हो, वो सबसे आगे रहते हैं। संगठन के मजबूत पदाधिकारियों में गिनती होती है। भाजपा के प्रति समर्पित हैं और उनका व्यवहार सभी से आत्मीय रहता है। बॉबी त्यागी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं और यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है। त्यागी समाज की बात करें तो यहां राजेश त्यागी का नाम भी आता है। राजेश त्यागी तीन बार से लगातर महामंत्री हैं। वो पुराने कार्यकर्ता है और त्यागी समाज के भाजपाई चेहरों में आते हैं। अध्यक्ष पद की दौड़ में बाल्मिकी, गुर्जर, जाट और अन्य समाज के भी चेहरे हैं। अब देखो पार्टी संगठन क्या समीकरण साधती है।

### किस जनप्रतिनिधि के घर पर प्रसाद के साथ हुई अध्यक्षी वाली चर्चा

करंट क्राइम। अध्यक्ष को पार्टी ने चुनाव लड़ने का मौका दिया और अब अध्यक्ष वाली कुर्सी पर कई निगाहें हैं। यहां पर सबसे अहम सिफारिश सांसद की मानी जाती है और इस वाले फेर में ओर से लेकर छोर तक सबकुछ बदल गया है। जब जनरल वीके सिंह सांसद थे तो वो गाजियाबाद की भाजपाई सियासत का पॉवर सेंटर थे। लेकिन अब यहां से पॉवर ट्रांसफर हो गई है और वो कविनगर केडी-14 पहुंच गई है। अब फैसले अतुल गर्ग के आवास से हो रहे हैं। अब अतुल गर्ग सांसद हैं। अब उनके यहां चहल पहल और टिकट से लेकर संगठन तक उनकी पूरी दखल है। कहा तो ये जाता है कि विधानसभा वाले उपचुनाव में संजीव शर्मा टिकट के निकट ही तब आये जब उन पर अतुलनीय कृपा हो गई। अतुल गर्ग सांसद हैं और उनकी राय बेहद अहम है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि भाजपा में एक लॉबी अब ताकत के फ्लो को अपनी ओर लाना चाहती है। वो चाहते हैं कि ताकत का डॉवर्जन हो और उसमें उनकी भागीदारी हो। सूत्र बताते हैं कि एक जनप्रतिनिधि के घर पर बैठक हुई। इस बैठक में धार्मिक कार्यक्रम का प्रसाद चखा गया और उसके बाद अध्यक्षी वाला प्रस्ताव रखा गया। बताया जाता है कि यहां पर भाजपा के चार वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इनमें पूर्व पदाधिकारी भी शामिल हैं और सबसे खास बात ये है कि जनप्रतिनिधि के घर पर हुई इस बैठक में अध्यक्ष पद के एक दावेदार भी शामिल थे। अब प्रसाद चखकर बात तो हो गई लेकिन राजनीति में इन चार चेहरों के नाम की चर्चा भी बाहर आ गई है।

# भाजपा के हर नेता के भाषण में हो रहा है इस बात का जिक्र

## भाजपा को है इस समय मतदान प्रतिशत बढ़ाने की सबसे बड़ी फिक्र




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा में उपचुनाव हो रहा है और ये उपचुनाव भाजपा की लगातार दूसरी बात जीती हुई सीट पर हो रहा है। यहां मतदान प्रतिशत को लेकर सभी राजनीतिक दलों के सामने चुनौती है लेकिन इसे भाजपा ज्यादा गंभीर तरीके से ले रही है। भाजपा के सभी नेताओं के मुख पर इसी बात का जिक्र होता है। उनके भाषणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की फिक्र होती है। दैनिक करंट क्राइम ने तो प्रचार के पहले दिन से इस बात को लगातार उठाया है। अपनी कई खबरों के माध्यम से बताया है कि धीमा मतदान कई दलों के लिए चुनौती बन सकता है। करंट क्राइम ने क्षेत्र का भूगोल भी बताया था और चुनावी गणित भी बताया था कुछ इलाकों में चुनाव का मतदान तेज रहा और कुछ इलाकों में मतदान धीमा रह गया तो चुनाव के नतीजे बुरी तरह प्रभावित होंगे। अगर भाजपा की तरफ देखें तो वह इस चुनाव की चुनौती से अंजान नही है और वो लगातार इस पर काम कर रहे हैं। भाजपा के जितने भी नेता चुनाव प्रचार में आ रहे हैं वो अपने भाषणों में इस बात का जिक्र कर रहे हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बातचीत में इस विषय पर अपनी राय रखी थी और पहले उन्होंने कहा था कि मतदान प्रतिशत को लेकर तो कुछ नहीं कह सकते लेकिन उन्होंने दावा किया था कि कुल पडे वोटों का 60 प्रतिशत वोट भाजपा को मिलेगा। हालांकि बाद में उन्होंने ये दावा भी किया कि भाजपा रणनीति पर काम कर रही है और मतदान प्रतिशत 40 से 45 प्रतिशत तक पहुंचेगा। पूर्व मेयर अशु वर्मा उपचुनाव को लेकर बेहतर जानते हैं।



क्योंकि वो उपचुनाव में ही चुनाव जीतकर ही मेयर बने थे। उन्होंने भी संभावित धीमे मतदान को लेकर चिंता व्यक्त की थी। खुद भाजपा भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार काम कर रही है। उसके कार्यकताओं की एक पूरी फौज को हर घर हर दर आवंटित किया गया है। एक वार्ड में एक कार्यकर्ता को 50 घर दिये गये हैं जहां वह लगातार दस्तक देगा। उन वोटों को मतदान केन्द्र तक लेकर आयेगा। भाजपा की रणनीति अपने समर्थित क्षेत्रों में वोट प्रतिशत बढाने की है। रविवार को जब भाजपा यूथ आईकॉन नीरज सिंह और केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद गाजियाबाद आये तो उन्होंने भी अपने सम्बोधन में मतदान प्रतिशत बढाने की बात कही। भाजपा पूरी रणनीति पर काम भी कर रही है और वो लगातार मतदान प्रतिशत को लेकर फिक्र कर रही है। मतदान प्रतिशत को बढ़ाकर भाजपा यहां उपचुनाव में एक बड़ा रिकार्ड बनाने की रणनीति पर काम कर रही है।

# विधानसभा उपचुनाव में अभी तक नहीं पकड़ा गया है कैश

## सब तरफ है शांति और स्टेटिक टीमों को भी नहीं आया है तैश




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव का मौसम आता है तो चुनावी माहौल में कई तरह के रंग बिखर जाते हैं। कहीं होर्डिंग बैनर की बहार होती है तो कहीं चुनावी दफ्तर कार्यकताओं से गुलजार रहता है। चुनाव के कार्यकर्ता अपना काम करते हैं और चुनाव से जुडी निर्वाचन वाली टीमें अपना काम करती हैं। वो इस बात पर निगाह रखती हैं कि कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन ना हो रहा हो।

जो कार्यक्रम हो रहे हैं जो जनसभाएं हो रही है उनकी विधिवत परमीशन ली गई हो। इसके अलावा चुनावों के दौरान एक टीम वो होती है इसे स्टेटिक टीम कहा जाता है। चुनाव में धनबल का प्रयोग ना हो उसके लिए यह टीमें लगातार चैकिंग अभियान चलाती हैं और अक्सर ये होता है कि चुनावों के दौरान नकदी ले जा रहे लोग इन टीमों के द्वारा पकड़े जाते हैं। लेकिन चुनाव में अब कुछ दिन रह गये हैं लेकिन अभी तक कोई भी उम्मीदवार ऐसा नहीं मिला जिसके समर्थकों के पास से नकदी बरामद हुई हो। कोई कारोबारी नहीं पकडा गया है। ये माना जा रहा है कि स्टेटिक टीमों को अभी तक तैश नहीं आया है। उपचुनाव में आचार संहिता लागू है और शहर क्षेत्र में जहां भाजपा का चुनाव कार्यालय है उसी नवयुग मार्किट में लगभग 28 बैंक है लेकिन कैश बरामदगी नहीं हुई है। चुनाव प्रचार की तिथि भी आगे बढ़ गई है। लेकिन अभी तक ऑल इज वैल वाला सीन चल रहा है।

### मिली शिकायतें चार और उनका भी हो गया निस्तारण

करंट क्राइम। चुनाव शहर में है और यहां अपनी तरफ से टीमों ने कोई कार्यवाही नहीं की है। सूत्र बताते हैं कि अभी तक केवल चार शिकायतें आई है और ये शिकायतें भी बैनर और पोस्टर लगाने को लेकर थी। इन चार शिकायतों का भी निस्तारण कर दिया गया है। कैश का कोई मामला पकड़ा नहीं गया है और किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी है। कार्यक्रम परमीशन लेकर हो रहे हैं और सब कुछ एज पर रूल चल रहा है।

# डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों ने यातायात जागरूकता रैली में लिया भाग

## पुलिस लाइन से मेरठ तिराहे तक पुलिसकर्मियों ने दिया सुरक्षा का संदेश

### एडिशनल सीपी और एडीसीपी ट्रैफिक में हरी झंडी दिखाकर रवाना की जागरूकता रैली






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है और आने वाले समय में कोहरा अपना रूप दिखाएगा। ऐसे में सड़क हादसों में इजाफा होगा।

इससे पहले ही गाजियाबाद यातायात पुलिस द्वारा रविवार को पुलिस लाइन से यातायात जागरूकता रैली निकाली गई और यातायात जागरूकता रैली को एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी मुख्यालय एवं अपराध ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ ही एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद और सभी यातायात निरीक्षक इस दौरान मौजूद रहे। यह जागरूकता रैली शहर के प्रमुख इलाकों से होकर गुजरी।

जिसमें डेढ़ सौ से अधिक पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन करने का संदेश दिया।

**जब शहर में हूटर बजाते हुए निकले यातायात पुलिसकर्मी :** रविवार को करीब 11:30 बजे पुलिस लाइन से जैसे ही एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तो इसमें शामिल यातायात पुलिसकर्मी जो की दोपहिया वाहनों के साथ ही पुलिस की जीप और क्रेन के साथ थे यह पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर हापुड़ चुंगी, पुराना बस अड्डे ,नया बस अड्डे, अर्थला होते हुए मेरठ रोड तिराहे पर आकर समाप्त हुई।

### हादसों में कमी लाना है मकसद : एडीसीपी ट्रैफिक



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह का कहना है कि यातायात जागरूकता माह चल रहा है। इसके तहत यातायात जागरुकता रैली निकाली गई है। जिसका मकसद लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना और सड़क हादसों में कमी लाना है ताकि कम से कम हादसे हों और लोग सुरक्षित रहें।

# 25 मिनट के भाषण में सीएम योगी भर गए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा : बालेश्वर त्यागी



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 25 मिनट के भाषण में चुनाव जीतने की आवश्यकताओं को रेखांकित कर दिया है। अब निश्चय ही नए-पुराने सारे कार्यकर्ता नए उत्साह से चुनाव में जुटेंगे।**

**संजीव शर्मा को प्रत्याशी होने का जो सबसे बड़ा लाभ यही है कि वह महानगर के संगठन प्रमुख हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता से उनका सीधा संपर्क है। वह कार्यकर्ता को निजी रूप से जुड़ने का अहसास कराने में समर्थ हैं। राजनीतिक समझ के कारण ही संजीव शर्मा ने क्षेत्र का निवासी न होने के मुद्दे की हवा पहले ही दिन प्रताप विहार में गृह प्रवेश करके निकाल दी।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी संजीव शर्मा के चुनाव प्रचार को धार देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल पधारे थे। उन्होंने पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित किया। सीएम के सम्बोधन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हो गया। उपचुनाव में सबसे बड़ी कठिनाई ये ही होती है कि कार्यकर्ताओं में इस कारण उत्साह में कमी रहती है क्योंकि इस चुनाव की जीत-हार से प्रदेश में सरकार बनने या बिगड़ने नहीं जा रही है। लेकिन योगी ने अपने 25 मिनट के भाषण में चुनाव जीतने की आवश्यकताओं को रेखांकित कर दिया है। अब निश्चय ही नए-पुराने सारे कार्यकर्ता नए उत्साह से चुनाव में जुटेंगे।

संजीव शर्मा को प्रत्याशी होने का जो सबसे बड़ा लाभ यही है कि वह महानगर के संगठन प्रमुख हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता से उनका सीधा संपर्क है। वह कार्यकर्ता को निजी रूप से जुड़ने का अहसास कराने में समर्थ हैं। राजनीतिक समझ के कारण ही संजीव शर्मा ने क्षेत्र का निवासी न होने के मुद्दे की हवा पहले ही दिन प्रताप विहार में गृह प्रवेश करके निकाल दी।

अब विजयनगर उस तरह से उपेक्षित क्षेत्र नहीं रहा है, जैसा बीस वर्ष पहले था। अब वह देश की राजधानी दिल्ली के ज्यादा निकट हो गया है। दिल्ली में काम करने वाले को विजय नगर में अपना आवास बनाना ज्यादा अफॉर्डेबल लगता है। यातायात की सुविधाओं के बढ़ने, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स के निर्माण के कारण मध्यम और उच्च आय वर्ग के लोगों के आवास भी बढ़े हैं। हालांकि आवश्यकता के अनुसार शिक्षण संस्थाओं और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार अभी अधूरा है लेकिन समय के साथ इन सुविधाओं का भी विस्तार हो रहा है। वह समय दूर नहीं है जब विजय नगर क्षेत्र अपने आपमें एक स्वावलंबी शहर बन जाएगा। मुझे पूरा भरोसा है कि संजीव शर्मा के नेतृत्व में विजयनगर क्षेत्र इस सपने को भी साकार होते देखेगा।

## संपादकीय

# सबके लिए बीमा

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने की अधिकतम आयु सीमा को हटा दिया है. वर्ष 2016 में बीमा प्राधिकरण ने सभी बीमा कंपनियों को कहा था कि वे पहली बार बीमा लेने की आयु को बढ़ाकर 65 साल कर दें. कंपनियों को अधिक आयु के लोगों के लिए नयी पॉलिसी लाने की अनुमति भी दी गयी थी. अधिक आयु के लोगों के लिए कुछ पॉलिसी पहले से उपलब्ध हैं, पर अधिकतर कंपनियों ने 65 साल की सीमा तय की हुई है।

प्राधिकरण सभी आयु वर्ग को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने के लिए प्रयासरत है. साथ ही, यह कोशिश भी हो रही है कि पहले से बीमार और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों तथा महिलाओं को अधिक से अधिक बीमा संरक्षण मिले. बीमा तंत्र को समावेशी बनाने के ऐसे प्रयत्नों से बड़ी संख्या में लोगों को फायदा मिलने की आशा है. अभी प्राधिकरण की ओर से नये नियमन से संबंधित नियमों को विस्तार से नहीं बताया गया है।

रिपोर्टों के अनुसार, अभी प्राधिकरण की निगाह इस बात पर रहेगी कि बीमा कंपनियां किस तरह नये नियमन का अनुपालन कर रही हैं. बीमा दायरा बढ़ाने से अधिक लोग पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित होंगे, लेकिन जोखिम को देखते हुए अधिक आयु के लोगों को अधिक प्रीमियम देना पड़ सकता है. ऐसा देखा गया है कि न केवल बुजुर्गों, बल्कि अपेक्षाकृत कम आयु के लोगों द्वारा एक बार बीमा का लाभ उठाने के बाद बीमा का नवीनीकरण नहीं किया जाता है. नये नियमन से इसमें सुधार की उम्मीद है. अभी हमारे देश में 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 15 करोड़ है. अगले 10-12 वर्षों में यह संख्या 23 करोड़ हो जायेगी।

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2050 तक दुनिया की बुजुर्ग आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में होगा. हमारे देश में 40 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग अत्यंत निर्धन वर्ग से आते हैं तथा लगभग 19 फीसदी वरिष्ठ नागरिकों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है. भारत में लगभग 95 प्रतिशत लोगों के पास व्यक्तिगत जीवन बीमा नहीं है और 73 प्रतिशत के पास व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा नहीं है. वित्त वर्ष 2022-23 में 55 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य बीमा संरक्षण था, पर इसमें लगभग 29.8 करोड़ सरकार द्वारा प्रायोजित बीमा कार्यक्रमों के लाभार्थी थे और लगभग 20 करोड़ समूह बीमा के दायरे में थे. महंगे प्रीमियम तथा जागरूकता के अभाव के कारण ऐसी स्थिति है. बीमा कंपनियों तथा अस्पतालों को भी अधिक पारदर्शी होने की जरूरत है।

# वाणिज्यिक बैंक और एनबीएफसी एमएसएमई सेक्टर को दें 1.54 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन: वित्त मंत्री

**बेंगलुरु।** भारत सरकार की ओर से सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और एनबीएफसी के लिए चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में 1.54 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त एमएसएमई लोन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंकों और एनबीएफसी को एमएसएमई के लिए कुल लोन वृद्धि का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में क्रमशः 5.75 लाख करोड़ रुपये, 6.21 लाख करोड़ रुपये और 7 लाख करोड़ रुपये रखना चाहिए। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) की पार्टनरशिप में आयोजित किए गए 'नेशनल एमएसएमई कल्स्टर आउटरीच' प्रोग्राम में केंद्रीय वित्त मंत्री ने देश में इनोवेशन, रोजगार पैदा करने और देश को आत्मनिर्भर



बनाने में एमएसएमई के महत्व पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने उद्यमीयों से भी बातचीत की और बताया कि कैसे सरकार और वित्तीय संस्थाएं उनकी आगे बढ़ने में मदद कर रही हैं। सीतारमण ने कहा कि बैंकों को एमएसएमई सेक्टर को लोन उपलब्ध कराने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार की पहल पर प्रकाश डाला और सभी बैंकों से ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्यमों को अधिक लोन देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इवेंट में वित्त मंत्री सीतारमण ने कर्नाटक में वर्चुअल तरीके से छह नई सिडबी शाखाओं का भी उद्घाटन किया। इससे एमएसएमई तक सिडबी की पहुंच और वित्तीय सहायता का विस्तार हुआ है। इसके अलावा सीतारमण ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर और विशाखापत्तनम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की चार नारी शक्ति शाखाओं और बेंगलुरु में केनरा बैंक के लर्निंग सेंटर का भी उद्घाटन किया।

## भारत के स्टील निर्यात में अक्टूबर में हुई दोहरे अंक में वृद्धि



**नई दिल्ली।** भारत का स्टील निर्यात इस साल अक्टूबर में सितंबर के मुकाबले 11 प्रतिशत बढ़ा है, जो दिखाता है कि इस सेक्टर के आउटलुक में सुधार हो रहा है। यह जानकारी स्टील मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए डेटा से मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अक्टूबर में भारत की ओर से 4.4 मिलियन टन स्टील का निर्यात किया गया है, जो कि सितंबर में 4 मिलियन टन था। आयात में गिरावट आई है जिससे घरेलू स्टील कंपनियों को तीसरी तिमाही में अपने उत्पादों के लिए बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में पहली बार इस महीने के दौरान आयात धीमा हो गया क्योंकि सरकार ने वियतनाम जैसे देशों से आने वाले खराब गुणवत्ता वाले स्टील पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके परिणामस्वरूप, स्टील आयात अक्टूबर में 4 प्रतिशत गिरकर 9.8 लाख टन रह गया है, जो कि सितंबर में 11 लाख टन था। सेल के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, घरेलू स्टील क्षेत्र में कुछ सुधार हुआ है और लॉन्ग प्रोडक्ट्स की कीमत सितंबर की तुलना में लगभग 2 प्रतिशत बढ़कर 53,000 रुपये प्रति टन हो गई है। वहीं, जेएसडब्ल्यू स्टील के सीईओ जयंत आचार्य ने एक इन्वेस्टर्स कॉल में कहा कि सितंबर में भारी गिरावट के बाद कीमतें बढ़ रही हैं।

# केंद्र सरकार ने स्वच्छता कैंपेन में कबाड़ बेच कमाए 650 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अक्टूबर में चले स्वच्छता अभियान के तहत निकले कबाड़ को बेचकर 650 करोड़ रुपये से अधिक की आय आर्जित की है। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय द्वारा दी गई। मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिदेशों से प्रोत्साहित होकर 2021-24 के बीच चलाए गए स्पेशल कैंपेन के तहत 2,364 करोड़ रुपये की आय कबाड़ को बेचकर प्राप्त हुई है। इससे अधिकारियों के लिए अधिक ऑफिस स्पेस फ्री हुआ है और दक्षतापूर्ण कार्य करने में मदद मिलेगी।



केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्पेशल कैंपेन 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान था। स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया। स्पेशल कैंपेन 4.0 में 5.97 लाख से अधिक साइटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया है और इसके परिणामस्वरूप प्रभावी कार्यालय उपयोग के लिए 190 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ, विशेष अभियान का आकार और पैमाना बढ़ रहा है और 2023 में 2.59 लाख साइटों की तुलना में 2024 में 5.97 लाख से अधिक साइटों को कवर किया गया। स्पेशल कैंपेन 4.0 की समीक्षा कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और केंद्र सरकार के सचिवों द्वारा कार्यान्वयन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए की गई। स्पेशल कैंपेन 4.0 की प्रगति को दैनिक आधार पर इसके लिए बनाए गए स्पेशल पोर्टल पर मॉनिटर किया गया। सिंह ने स्पेशल कैंपेन 4.0 के तहत केंद्रीय सचिवालय में लंबित मामलों में कमी की सराहना की, जिसमें अधिकांश मंत्रालयों/विभागों ने अपने लक्ष्यों का 90-100 प्रतिशत हासिल किया। बयान में आगे कहा गया कि यह स्पेशल कैंपेन 31 अक्टूबर को बंद हो गया है। इसके परिणाम काफी अच्छे रहे हैं। अगला चरण 14 नवंबर से शुरू होगा।

मंत्रालय ने स्वच्छता को संस्थागत बनाने में विशेष अभियान 4.0 के दौरान उभरी बेस्ट प्रैक्टिस को भी सूचीबद्ध किया।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 74,000 करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में बीते हफ्ते कमजोरी का ट्रेंड देखा गया। इस दौरान देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 74,000 करोड़ रुपये से अधिक गिर गया है। 4 नवंबर से लेकर 8 नवंबर तक के कारोबारी सत्र में निफ्टी और सेंसेक्स में क्रमशः 0.64 प्रतिशत और 0.30 प्रतिशत की गिरावट हुई। इस दौरान देश की शीर्ष 10 में से 6 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल 1.55 लाख करोड़ रुपये की गिरावट हुई है। इसमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज,



भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) को हुआ है। वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को फायदा हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 74,563.37 करोड़ रुपये गिरकर 17,37,556.68 करोड़ रुपये रह गया है।

भारती एयरटेल का मार्केटकैप 26,274 करोड़ रुपये कम होकर 8,94,024.60 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,254.79 करोड़ रुपये कम होकर 8,88,432.06 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 15,449.47 करोड़ रुपये कम होकर 5,98,213.49 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, एलआईसी का मार्केट कैप 9,930.25 करोड़ रुपये घटकर 5,78, 579.16 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 7,248.49 करोड़ रुपये कम होकर 5,89,160.01 करोड़ रुपये रह गया है। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 57,744.68 करोड़ रुपये बढ़कर 14,99,697.28 करोड़ रुपये हो गया है। इन्फोसिस का मार्केट कैप 28,838.95 करोड़ रुपये बढ़कर 7,60,281.13 करोड़ रुपये और एसबीआई के मार्केट कैप में 19,812.65 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है और यह 7,52,568.58 करोड़ रुपये हो गया है।

एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 14,678.09 करोड़ रुपये बढ़ा है और इसका वैल्यू 13,40,754.74 करोड़ रुपये हो गया है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी?
पत्नी- तकिये पर गिर गई थी
और आंख लग गई थी।

---

पत्नी- तुम शराब में बहुत पैसे बरबाद करते हो, अब बंद करो
चिंटू- और तुम ब्यूटी पार्लर में 5000 का कबाड़ा करके आती हो उसका क्या
पत्नी- वो तो मैं तुम्हें सुंदर लगूं इसलिए...
चिंटू- पगली तो में भी तो इसलिये पीता हूं कि तू मुझे सुंदर लगे।

---

एक खूबसूरत लड़की ऑटो वाले से बोली- भैया एयरपोर्ट के कितने पैसे लगेंगे
ऑटो ड्राइवर- 400 रुपये
लड़की- ये तो रहा एयरपोर्ट
ऑटो ड्राइवर- सर पर दुपट्टा रख लो, मैडम फ्लाइट लैंडिग में कहीं खूबसरती न बिगड़ जाए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- ऑक्सफोर्ड के सबसे पहले कॉलेजों ने 13 वीं शताब्दी के दौरान दरवाजे खोले, लेकिन साल 1878 तक कोई महिला छात्रों की अनुमति नहीं थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 200 से अधिक वर्षों की शराब की 1000 बोतलें हैं।
- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।
- वर्ल्ड वॉर-II के दौरान ऑक्सफोर्ड पर बम गिराकर बर्बाद क्यों नहीं किया गया था, क्योंकि हिटलर इंग्लैंड पर विजय प्राप्त करने के बाद शहर को राजधानी के रूप में उपयोग करना चाहता था।
- रुथ लॉरेंस ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# बीसीसीआई : चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान






## आठ देशों का यह टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान में होना निर्धारित है

**नई दिल्ली, 10 नवंबर।** बीसीसीआई ने आईसीसी को बता दिया है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने आईसीसी को यह बताया है कि भारत सरकार ने टीम को पाकिस्तान जाने की सलाह नहीं दी है। आठ देशों का यह टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान में होना निर्धारित है। अब इस टूर्नामेंट के लिए पिछले साल के एशिया कप की तरह हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ सकता है। हालांकि शुक्रवार को ही पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल की किसी भी संभावना से इनकार किया था और यह भी कहा था कि इस बारे में कोई बात नहीं हुई है। लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार इस बारे में महीनों पहले ही बात होनी शुरू हो गई थी और जरूरत पड़ने पर हाइब्रिड मॉडल के लिए एक योजना भी तैयार है।

हाइब्रिड मॉडल के लिए श्रीलंका और यूएई दो देश शॉर्टलिस्ट हुए थे, लेकिन नजदीकी की वजह से यूएई को प्राथमिकता दी जा सकती है। बीसीसीआई ने इस सप्ताह की शुरूआत में ही आईसीसी को इस बाबत जानकारी दे दी थी, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह जानकारी लिखित थी या सिर्फ.मौखिक। हां यह संभव हो सकता है कि आईसीसी इस बारे में लिखित सूचना चाह रहा हो, ताकि इसके बारे में पीसीबी को भी बताया जा सके। शुक्रवार को नकवी ने भी जोर देकर कहा था कि अगर ऐसी कोई आपत्ति है तो उन्हें लिखित में चाहिए, तभी वे इस पर अपनी सरकार से चर्चा कर सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने इस बारे में आईसीसी, पीसीबी और बीसीसीआई से भी प्रतिक्रिया मांगी है। 11 नवंबर से इस टूर्नामेंट में बस 100 दिन बचेंगे और ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह लाहौर में टूर्नामेंट के शेड्यूल घोषणा का कार्यक्रम फि लहाल टाला जा सकता है। राजनीतिक तनाव के कारण 2012-13 के बाद से दोनों देशों के बीच कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं हुई है, वहीं दोनों देशों के बीच आखिरी टेस्ट 2007 में हुआ था।

# राजगीर में एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत तैयार






## मलेशिया से होगी पहली टक्कर

**नालंदा, 10 नवंबर।** बिहार के राजगीर में 11 नवंबर से 20 नवंबर तक एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत सहित छह एशियाई देशों की टीमें अपना दमखम दिखाएंगी। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भारत और मलेशिया के बीच खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे ने पत्रकारों से बातचीत की।

भारतीय महिला हॉकी टीम इस प्रतियोगिता में एक निराशाजनक वर्ष के बाद प्रवेश कर रही है, जब वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही थी। ऐसे में वह साल का अंत यादगार तरीके से करना चाहेगी। सलीमा टेटे के नेतृत्व में युवा प्रतिभाओं के साथ अनुभवी खिलाड़ियों को मिलाकर एक मिश्रित टीम उतारी है। हालांकि, यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि भारत को पांच अन्य देशों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसमें मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड शामिल हैं। टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने बिहार सरकार द्वारा हॉकी के लिए विश्वस्तरीय स्टेडियम के निर्माण की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार, हॉकी इंडिया और पूरी टीम इंडिया का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस भव्य आयोजन को संभव बनाया। हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है और हर मैच के लिए रणनीति बनाई जा चुकी है। खिलाड़ियों के साथ मैच की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है और हम किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

# 'फैन बॉय मोमेंट': शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद के साथ रविचंद्रन अश्विन ने शेयर की फोटो



**नई दिल्ली, 10 नवंबर।** भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने सोशल मीडिया पर अपने 'फैन मोमेंट' को शेयर किया है। उन्होंने फ्लाइट के दौरान शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है। अश्विन ने रविवार सुबह इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, एक फैनबॉय मोमेंट और दिग्गज विश्वनाथन आनंद के साथ हमेशा याद रहने वाली फ्लाइट जर्नी का लुत्फ उठाना काफी शानदार है।

इस साल की शुरूआत में जुलाई में अश्विन ग्लोबल चेस लीग में टीम के सह-मालिक बने थे। वह अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह-मालिक हैं, जिसका नेतृत्व विश्व नंबर-2 ग्रैंड मास्टर हिकारु नाकामुरा कर रहे हैं। 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बनने से लेकर पांच विश्व चौम्पियनशिप खिताब जीतने वाले आनंद ने शतरंज की दुनिया में इस दिग्गज क्रिकेटर का स्वागत करते हुए एक स्पेशल मैसेज शेयर किया था।

आनंद ने पोस्ट किया था, शतरंज की दुनिया में रोमांचक नए उद्यम के लिए अश्विन को बधाई! क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आउट करने वाले व्यक्ति के रूप में, मुझे यकीन है कि आप अमेरिकी गैम्बिट्स के साथ ग्लोबल शतरंज लीग में भी वही प्रतिस्पर्धी भावना लाएंगे। आपकी यह यात्रा भी आपके क्रिकेट करियर की तरह शानदार रहे! लंदन में शुभकामनाएं!

मैदान पर एक स्मार्ट क्रिकेटर होने के अलावा, अश्विन शतरंज के भी शौकीन हैं। 2022 आईपीएल के दौरान, उन्हें राजस्थान रॉयल्स की मुंबई से कोलकाता यात्रा के दौरान फ्लाइट में अपने एक साथी के साथ शतरंज खेलते हुए देखा गया था।

# गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को टी20 में दी शिकस्त

## न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19/3 ओवर में 135 रन बनाए






**दांबुला (श्रीलंका), 10 नवंबर।** शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने शनिवार को दो मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया।

डुनिथ वेलालेज ने 3-20 जबकि नुवान तुषारा, वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना ने क्रमशः 2-14, 2-30 और 2-25 विकेट चटकाए, जिससे न्यूजीलैंड की टीम 19.3 ओवर में 135 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर रंगीरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

वेलालेज, थीक्षना और थर्सरा के शानदार प्रयासों से न्यूजीलैंड का स्कोर पावरप्ले में 31/3 हो गया, जिससे वे अंत तक उबर नहीं पाए। ग्लेन फिलिप्स (13) और माइकल ब्रेसवेल (27) ने संघर्ष किया, लेकिन मेजबान टीम के गेंदबाजों ने प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजी लाइनअप पर लगातार दबाव बनाए रखा और दो विकेट जल्दी गिरने से उनकी बढ़त एक बार फिर रुक गई। ईश सोढ़ी और फाउलकेस की 39 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड की पारी को आगे बढ़ाया, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नौवें विकेट के लिए न्यूजीलैंड की सर्वोच्च साझेदारी है और इसने सेंटनर और ईश सोढ़ी के बीच 38 रन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

इस साझेदारी ने न्यूजीलैंड को 135 रन के मामूली स्कोर तक पहुंचने में मदद की, जो अंततः अपर्याप्त साबित हुआ, हालांकि न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने कुछ शुरूआती झटके दिए। कुसल मेंडिस शून्य पर आउट हो गए, जिन्हें मिशेल सेंटनर ने एलबीडब्ल्यू आउट किया, जो मुंबई में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से चूकने के बाद टीम में वापस आए थे।

पथुम निसंका और कुसल परेरा ने स्कोर को 43 रन तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने शुरूआती दो विकेट चटकाए, लेकिन परेरा ने 17 गेंदों पर 23 रन (2x4, 1x6) बनाए, कामिंडू मेंडिस (23) और कप्तान चरिथ असालंका ने 28 गेंदों पर नाबाद 35 रन बनाए, इसके अलावा हसरंगा ने 22 रन की पारी खेली, जिससे श्रीलंका ने एक ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। वेलालेज ने 19वें ओवर की अंतिम तीन गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर श्रीलंका को 140/6 पर पहुंचाया और चार विकेट से जीत दर्ज की।

नाबाद 27 रन बनाने वाले जकारी फाउलकेस ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए और शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में यह श्रीलंका को सीरीज में 1-0 की बढ़त लेने से रोकने के लिए काफी नहीं था।

**संक्षिप्त स्कोर:** न्यूजीलैंड 19/3 ओवर में 135 रन पर ऑल आउट (माइकल ब्रेसवेल 27, जकारी फाउलकेस 27 नाबाद; डुनिथ वेलालेज 3-20, वानिंदु हसरंगा 2-20, नुवान तुषारा 2-14) श्रीलंका 19 ओवर में 140/6 (चरिथ असालंका 35 नाबाद; जकारी फाउलकेस 3-20)



# हरियाणा के यशवर्धन ने रचा इतिहास

## मुंबई के खिलाफ जड़ा चौहरा शतक (नाबाद 426)

**गुरुग्राम,10 नवंबर।** हरियाणा के ओपनर यशवर्धन दलाल ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई के खिलाफ शनिवार को रिकॉर्ड नाबाद 426 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। वह टूर्नामेंट के इतिहास में चौहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के समीर रिजवी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने पिछले सत्र में 312 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी।



**मुंबई ने सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार की सुबह को आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे।**

मुंबई ने सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार की सुबह को आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे।

पिछले दो मैचों में मध्य प्रदेश के खिलाफ चार और झारखंड के खिलाफ 23 और 67 रन बनाने वाले यशवर्धन को इस मैच में ओपनिंग पर भेजा गया था और उन्होंने अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की। रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली।

यशवर्धन ने अपनी मैराथन पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए हैं। यह पहली बार नहीं है जब झज्जर के इस बल्लेबाज ने बड़ी पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा है। यशवर्धन ने दिसंबर 2021 में अंडर-16 लीग मैच में 237 रन की पारी खेली थी। उस मैच में हरियाणा ने 40 ओवर के मैच में 452 रन बनाए थे।

# गॉफ ने रोमांचक मुकाबले में झेंग को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल कप जीता



**रियाद, 10 नवंबर ।** कोको गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए चीन की झेंग किनवेन को 3-6, 6-4, 7-6(2) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। यह उनके करियर का पहला साल का आखिरी चैंपियनशिप खिताब है।

रियाद में इस जीत के साथ गॉफ को 48,05,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम मिलेगा, जो डब्ल्यूटीए टूर इवेंट का सबसे बड़ा पुरस्कार है। इसके साथ ही, अमेरिकी खिलाड़ी ने लगातार दूसरे साल सीजन के अंत में वर्ल्ड नंबर 3 रैंकिंग हासिल की है।

तीसरी बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में खेलते हुए गॉफ को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट में वह पिछड़ रही थीं, और तीसरे सेट में भी दो बार ब्रेक डाउन में थीं, जहां झेंग 5-4 पर मैच जीतने के करीब थीं। लेकिन गॉफ ने हर मौके पर संघर्ष करके बाधाओं को पार किया और अपने करियर का 9वां डब्ल्यूटीए टूर सिंगल्स खिताब जीता।

1972 में डब्ल्यूटीए फाइनल्स शुरू होने के बाद से, गॉफ 21 वर्ष से कम उम्र में यह टूर्नामेंट जीतने वाली चौथी अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले क्रिस एवर्ट, ट्रेसी ऑस्टिन और सेरेना विलियम्स ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

इसके अलावा, गॉफ 1990 के बाद पहली अमेरिकी हैं जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में चार टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी: गिलक्रिस्ट ने ऑस्ट्रेलियाई रणनीति पर उठाए सवाल!

**नई दिल्ली, 10 नवंबर।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने नाथन मैकस्वीनी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच के लिए टीम में शामिल किया है और इसकी पूरी उम्मीद है कि वह बतौर ओपनर खेलते नजर आ सकते हैं। इस चयन पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम गिलक्रिस्ट ने चयनकर्ताओं से एक सवाल पूछा जिसने क्रिकेट जगत में हलचल तेज कर दी है।



**गिलक्रिस्ट ने कहा कि यदि प्रबंधन शीर्ष 6 में छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को खेलने की अपनी नीति पर कायम रहता है तो इंगलिस को देश के सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाजों में शामिल किया जाना चाहिए।**

एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि वे अपनी शीर्ष छह बल्लेबाजों की नीति से भटक गए हैं। इसके पीछे उन्होंने तर्क दिया कि जोश इंगलिस, जिन्हें रिजर्व बल्लेबाज के रूप में शामिल किया गया था, पर्थ में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने और उस्मान ख्वाजा के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के हकदार हैं।

रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 13 सदस्यीय टीम की घोषणा की। 22 नवंबर को श्रृंखला के पहले मैच में मैकस्वीनी, ख्वाजा के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करेंगे।

मैकस्वीनी ने इस सप्ताह एमसीजी में भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए मैच से पहले कभी प्रथम श्रेणी स्तर पर बल्लेबाजी की शुरूआत नहीं की थी, जबकि इंगलिस ने शेफील्ड शील्ड अभियान की शानदार शुरूआत के बावजूद रिजर्व बल्लेबाज के रूप में नामित किया गया। ऑस्ट्रेलिया की व्हाइट-बॉल टीमों में अपना स्थान पक्का कर चुके इंगलिस ने दो मैचों में 99.00 की औसत से 297 रन बनाए।

गिलक्रिस्ट ने कहा कि यदि प्रबंधन शीर्ष 6 में छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को खेलने की अपनी नीति पर कायम रहता है तो इंगलिस को देश के सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाजों में शामिल किया जाना चाहिए।

गिलक्रिस्ट ने फॉक्स क्रिकेट पर कहा, इंगलिस उस टीम में रिजर्व बल्लेबाज के रूप में हैं, जो ऑस्ट्रेलिया पारंपरिक रूप से घरेलू परिस्थितियों में नहीं करता है। मुझे लगता है कि मैकस्वीनी ओपनिंग करेंगे... लेकिन क्या वे पिछले साल की नीति पर कायम रहेंगे, जिसके तहत हम चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया के छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शीर्ष छह में खेलें? जोश इंगलिस इस समय ऑस्ट्रेलिया के छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल हैं। क्या वे उस नीति से अलग होंगे? मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे।

# 'फर्श से अर्श तक', मुंबई के आईओटी एफसी का रिकॉर्ड तोड़ सफर

## प्रोफेशनल फुटबॉल में लगातार तीन या उससे ज्यादा प्रमोशन हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि





**मुंबई, 10 नवंबर ।** प्रोफेशनल फुटबॉल में लगातार तीन या उससे ज्यादा प्रमोशन हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। मुंबई के इंडिया ऑन ट्रैक फुटबॉल क्लब (आईओटी एफसी) ने पिछले पांच सालों में कारनामा किया है। ये वह टीम है जो मुंबई फुटबॉल लीग के सबसे निचले पायदान से तेजी से शीर्ष पर पहुंची है। आईओटी एफसी 2018 में स्थापित एक जमीनी स्तर का फुटबॉल क्लब है, जो बेहद तेजी में मुंबई फुटबॉल की सबसे रोमांचक और बड़ी टीमों में से एक बन चुका है। मात्र चार वर्षों में यह टीम मुंबई फुटबॉल एसोसिएशन (एमएफए) के रैंकों के माध्यम से आगे बढ़ी है, साथ ही चार सत्रों में लगातार चार लीग प्रमोशन का एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

2024-25 सीजन में यह क्लब एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, मुंबई प्रीमियर लीग जीतना, जो एक शीर्ष स्तरीय फुटबॉल लीग है और मुंबई फुटबॉल एसोसिएशन की मुंबई फुटबॉल लीग में लगातार पांचवीं जीत दर्ज करना, जो कलकत्ता की मशहूर फुटबॉल लीग के बाद एशिया की दूसरी सबसे पुरानी लीग है, आसान नही हैं।

आईओटी एफसी की कहानी दृढ़ निश्चय, दृढ़ संकल्प और बेजोड़ निरंतरता की कहानी है। उन्होंने मुंबई के जुहू बीच पर अपने प्रशिक्षण सत्र शुरू किए, क्योंकि उनके लिए कोई मैदान उपलब्ध नहीं था। फिर भी, वे रैंक में ऊपर उठे और वह हासिल किया जो वैश्विक स्तर पर भी कुछ ही क्लबों ने हासिल किया है। क्लब को लगातार चार सत्रों में प्रमोट किया गया है। यह एक खास उपलब्धि है, जो दुनिया के केवल 15 अन्य क्लबों ने हासिल की है। ग्रेजर एके (ऑस्ट्रिया), एसवी रोडिंगहॉसन और टीवी हर्केनराथ (जर्मनी), एससी सागामिहारा और इवाकी एफसी (जापान) जैसे अन्य क्लब शामिल हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि आईओटी एफसी पिछले पांच वर्षों में ऐसा करने वाले कुछ क्लबों में से एक है, जो उनकी उपलब्धि के महत्व को दर्शाता है।

उनकी उपलब्धियों को विशेष रूप से उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि क्लब ने अपने स्वयं के फुटबॉल मैदान के बिना, स्थानीय प्रतिभाओं की मदद से और एमएफए के शीर्ष डिवीजनों में अन्य क्लबों द्वारा प्राप्त वित्तीय ताकत के बिना इतनी प्रगति की है। वे कोविड-19 महामारी के कारण हुई परेशानियों के बावजूद अपनी सफलता का ग्राफ बनाए रखने में कामयाब रहे हैं।

चार वर्षों में चार प्रमोशन हासिल करने के बाद आईओटी ने एक खिताब जीता है और तीन अन्य में प्रमोशन हासिल किया। यह क्लब अब मुंबई की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसमें वह उसी उत्साह, अनुशासन और प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा जिसने उसे मुंबई फुटबॉल में एक मजबूत ताकत बनाया है।

# अमरोहा से भाजपा के वरिष्ठ नेता हरि सिंह ढिल्लों ने संजीव शर्मा के लिए किया प्रचार-प्रसार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अमरोहा से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विधान परिषद के सदस्य डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों रविवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने सिख समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों में भाई संजीव शर्मा को भारी तादाद में मतदान की अपील की। गांधीनगर गुरुद्वारे के प्रधान सरदार जगमोहन सिंह के निवास पर सदर विधानसभा में आने वाले गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रधान व उनके महासचिव प्रधान जगमोहन के निमंत्रण पर डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों की बात सुनने के लिए पहुंचे। गांधीनगर उनके निवास पर डॉक्टर साहब ने आए हुए सभी सिख समाज के मौजूद लोगों को बताया कि हम लोगों को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा को मतदान क्यों करना है और दूसरों को प्रेरित क्यों करना है। मतदान के लिए उनके द्वारा बताया गया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिख समाज के गुरु साहिबान का सम्मान करते हुए अपने कार्यकाल में क्या-क्या अच्छे काम किए और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने सिख धर्म के गुरुओं के सम्मान में क्या-क्या कार्य किए और आगे क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिख धर्म गुरुओं के बारे में जो भावनाएं भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मन में हैं ऐसी भावनाएं और किसी पार्टी की नहीं हैं ना कभी हो सकती हैं।

अनेक ऐसे अच्छे कार्य सिख धर्म की भावनाओं का आदर करते हुए किए गए हैं जिनको पिछली सरकारों ने कभी सोचा भी नहीं था। सभा में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी भी पहुंचे जिन्होंने इस मीटिंग में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद के सदस्य डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों मौजूद रहे। इस मौके पर जगमोहन सिंह, हरमीत सिंह, मंजीत सिंह सेठी, रविंद्र चौहान, एसपी सिंह, बलप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह जग्गी, मोहन पाल सिंह, विजय कौशिक, जोगिंदर सिंह बग्गू, गगनदीप सिंह, राजेंद्र सिंह जग्गी, संजीव अरोड़ा, मोहन पाल सिंह, परमजीत सिंह पम्मी, गुलशन भमरी, जसपाल सिंह सलूजा, हरविंदर सिंह, हरदीप सिंह आदि मौजूद रहे। डॉक्टर साहब के आगमन पर उनके स्वागत का और अपने गाजियाबाद के सभी सम्मानित लोगों को संबोधन करने की ड्यूटी भाई जगमोहन सिंह ने इंद्रजीत सिंह टीटू की लगाई।

# नेशनल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नेशनल पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि श्रीचंद शर्मा ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों के जरिए छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें साई बाबा को याद करते हुए बच्चों ने कव्वाली प्रस्तुत की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया। इस बीच कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। इस दौरान प्रबंधक शांतनु शर्मा, उप प्रबंधक प्रियांशु शर्मा, प्रधानाचार्या रीना शर्मा, उप प्रधानाचार्या बबीता शर्मा, संजीव शर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने छात्रों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके अभिनय की प्रशंसा की तथा भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनने की आशा व्यक्त की तथा समारोह के सफल आयोजन के लिए समस्त अध्यापकों, अभिभावकों एवं विद्यालय कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।




## कुछ ऐसी है इंटरनल फाईट कि प्रभारी का वैलकम रह गया लाईट

फूल वालों की सबसे बड़ी खूबी ये है कि उन्हे किसी अपोजीशन की कोई जरूरत नही है वो इसके लिये खुद ही काफी हैं। खेल ये है कि एक दूसरे के कार्यक्रम को फेल करने में फुल पसीना ये फूल वाले बहा लेते हैं। किस्सा वार्ड के कार्यक्रम से जुड़ा है और सुना है कि मेंबर ने भीड़ जुटा ली और यहां वाले वैलकम के फूलों से फूल वालों ने ही दूरी बना ली। बाद में पता चला कि मजबूरी कुछ नही थी क्योंकि जब सेम डे सेम लोकेशन पर प्रभारी मंत्री का वैलकम हुआ तो मेंबर के प्रोग्राम से कन्नी काटने वाले मौहल्ला छाप भाजपाई वहां नजर आये। मौहल्ले वालों ने ही बताया कि इस इंटरनल फाईट का असर ये रहा कि शहर में ही प्रभारी का वैलकम कुछ फीका सा रहा, पचास लोग भी नही जुटे।

## साईकिल लड़े या हाथ हम तो इतना ही दे सकते हैं साथ


लाईनपार के केबल वाले साईकिल पर सवार होकर उपचुनाव में उम्मीदवार बनकर आ गये हैं। वो वोट तो मांग रहे हैं लेकिन हाथ वालों का कितना साथ उन्हे मिल रहा है इसको लेकर हाथ वाले ने ही रोचक खुलासा किया। उसने कहा कि 100 में से 33 वाला पास होता है और हमारे पास तो निगम में ही 100 में से तीन हैं। टिकट घोषित होने से पहले हाथ वालों ने बूथ सम्मेलन भी किया और अब कौन से बूथ पर कौन रहेगा इसकी फ्रिक हाथ वाले नही कर रहे हैं। फूल वालों के बाबा आ चुके और साईकिल वालों के भईया जी आ गये मगर हाथ वालों के कौन से लीडर आयेगें अभी ये कंसीडर हो रहा है। हाथ वालों के लोकल लीडर भी सीन से आऊट ही चल रहे हैं। जो हाथ वाले जोरशोर से दिख भी रहे हैं उनके खुद के मौहल्ले में कांग्रेस का निगम चुनाव में सूपड़ा साफ है। हाथ वाले ने ही कहा कि हमारे तो लीडरों के बूथ से कांग्रेस गायब है और आप उम्मीद कर रहे हैं कि साईकिल वाले उम्मीदवार के साथ रहेगें। उन्होने कहा कि हमारा लड़े या उनका, मतलब ये है कि साईकिल लड़े या हाथ, हम तो दे सकते हैं इतना ही साथ।

## महावत की खुली जुबान जब कहा हाथी रास्ता भटक गया श्रीमान

नीले दल में इस बार चुनाव का पहला पटाखा ही फुस्स निकला। जब हाथी ने उपचुनाव में साईकिल की देखादेखी यहां दलित कार्ड खेला। लेकिन यहां तो उम्मीदवार के साथ ही खेला हो गया। वो चुनावी फेस तो क्या ही बनता पहले उसके केस ने ही ऐसा बेस बनाया कि पार्टी ने उसे बाहर का रास्ता दिखाया। हाथी से उतरते ही उस दलित ने भी दलितों पर ही आरोपो की झड़ी लगा दी और जाकर औवेसी की पतंग उड़ा ली। हाथी भी दूसरे महावत को ले आया और सुना है कि बारात का दूल्हा अब उनकी नही सुन रहा जो बारात में सबसे आगे डांस कर रहे थे। क्या कहें और क्या ना कहें के बीच महावत की जुबान ऑफ द रिकार्ड खुल ही गई। महावत ने कहा कि अब हम ही क्या करें जब हमारा हाथी ही रास्ता भटक गया है। कहने वाले ने कहा कि कौन सा पहली बार भटका है, तुम्हारे तो पांच हाथी जिला पंचायत में भी रास्ता भटक कर गोवा पहुंच गये और गोवा वाले बीच पर राजा मछुआरा का पेय पदार्थ यानि किंग फिशर पीते मिले थे।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को विभिन्न दलों से मिला समर्थन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के शहर विधानसभा प्रत्याशी संजीव शर्मा को रविवार को विभिन्न दलों से समर्थन पत्र के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वसन मिला है। समर्थन देने वाले सभी दल अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ संजीव शर्मा को जिताने का प्रयास करेंगे। ऐसा पत्र के द्वारा संजीव शर्मा को आश्वासन दिया गया है। दलित सेना के सुचितानंद साधु ने लिखा है कि प्रत्याशी संजीव शर्मा को समर्थन देकर भारी बहुमत से जीत दिलवाने के लिए दलित सेना के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य चुनाव में तन, मन, धन से सहयोग करेंगे। इसी प्रकार प्रत्याशी संजीव शर्मा को विभिन्न दलों का समर्थन पत्र प्राप्त हुआ है। सभी दलों के अध्यक्षों ने भाजपा प्रत्याशी को आश्वस्त किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए घर-घर जनसंपर्क कर लोगों को आने वाली 20 तारीख को पहले मतदान और फिर जलपान के लिए प्रेरित करेंगे एवं स्वयं अपने संगठन को यह प्रण दिलाएंगे कि वह भी पहले मतदान फिर जलपान करें।

- जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष संजीव बिंदल ने अपने समस्त कार्यकारिणी टीम की ओर से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी संजीव शर्मा को पूर्ण समर्थन दिया।
- दलित सेवा की ओर से सुचितानंद साधु की ओर से अपने समस्त दल एवं कार्यकारिणी के साथ भाजपा प्रत्याशी को अपना पूर्ण समर्थन दिया गया।
- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद की ओर से अध्यक्ष संदीप बंसल के द्वारा अपनी समस्त कार्यकारिणी के सहित भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को अपना पूर्ण समर्थन दिया गया।
- प्रताप विहार व्यापार मंडल की ओर से अध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में उनकी समस्त कार्यकारिणी सहित सभी व्यापारियों ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

## हादसा : बिजली का करंट लगने से गाय की दर्दनाक मौत

# बिजली विभाग की लापरवाही पर जनता में आक्रोश





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम न्यायखंड -1 में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिली। यहां न्याय खंड एक में सीवर का पानी ओवरफ्लो होने के कारण बिजली के खंभे का करंट पानी में आ गया। करंट की चपेट में आने से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि गली में सीवर का पानी भरा नहीं होता तो करंट भी नहीं उतरता। करंट की चपेट में आने से गाय की मौत हुई है, जिससे यह हादसा हुआ है। स्थानीय निवासी प्रमोद तिवारी ने बताया कि न्याय खंड एक में गली में सीवर का पानी भरा हुआ था जिसमें बिजली का करंट उतर गया। यह 3 बजे के करीब की बात है कि गाय पानी से निकल रही थी। बिजली के खंभे में करंट के कारण कुछ ही पलों में गाय की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि बिजली पोल के पास से ही सैकड़ों की संख्या में लोग गुजरते हैं। जिसके बाद भी बिजली विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। और भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# गाजियाबाद के बेटे संजीव शर्मा को ऐतिहासिक जीत दिलाएं : दीपक गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग के प्रतिष्ठान यश फर्नीचर रमते राम रोड पर विधानसभा 56 के प्रत्याशी संजीव शर्मा की एक बैठक का आयोजन किया गया। आने वाली 20 नंवबर को सभी व्यापारियों को अधिक से अधिक वोट भारतीय जनता पार्टी को देने की अपील की गई और संजीव शर्मा को अधिक से अधिक मतों से जीतने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संदीप बंसल, राजेश बंसल, पंडित विकास बंसल, दीपक गर्ग, तरुण शर्मा, चेतन शर्मा, प्रवीन शर्मा, दुष्यंत गुप्ता, नरेश ठाकुर, श्रीपाल यादव, मुकेश प्रजापति मूलचंद, अमन सिसोदिया, सोनू सैनी, मनीष निश्चल, अजय गर्ग, राहुल गर्ग, गौरव कंसल, शरद गोयल, मोहित गोयल, सुमित मित्तल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# बदमाश और पुलिस की मुठभेड़, एक साल की बच्ची का किया था अपहरण

## जवाबी फायरिंग में अपहरणकर्ता हुआ घायल



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना 20 की पुलिस की मासूम बच्ची का अपहरण करने वाले बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वो घायल हो गया। आरोपी एक मासूम बच्ची को उठाकर ले गया था, जो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ था। उसके बाद 6 टीमों का गठन कर बच्ची को बरामद कर लिया गया। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के अंतर्गत चाइना कट सेक्टर-18 नोएडा के पास स्थित बीकानेर रेस्टोरेन्ट के बाहर बने बूथ से एक वर्ष की बच्ची का अपहरण करने की घटना को खोलने के लिए 6 टीमों का गठन किया गया था। जिस पर पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यमों से बच्ची को सकुशल बरामद करने के लिए तलाश कर रही थी। इसी क्रम में शनिवार दोपहर के समय बच्ची को मल्टीलेवल कार पार्किंग सेक्टर-18 नोएडा के पास स्थित झाड़ियों से बरामद किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में बच्ची को उठाकर ले जा रहे बदमाश की तलाश उसी स्थान के आस-पास व झाड़ियों में की जा रही थी।

### बिहार का रहने वाला है आरोपी

पुलिस टीम द्वारा की जा रही कॉम्बिंग के दौरान शातिर बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, जिस पर पुलिस टीम ने आत्म रक्षा में जवाबी फाररिंग की जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान बबलू निवासी जेजे कॉलोनी सेक्टर-18, थाना सेक्टर 20 नोएडा मूल पता ग्राम डहेरिया चौक (लक्ष्मी टोला मनिहारी गुमटी) थाना शहीद चौक, जिला कटिहार, बिहार के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 1 अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

**डीसीपी ने कहा :** नोएडा के डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया 'आरोपी ने दिनांक 08.11.2024 को थाना सेक्टर-20 नोएडा क्षेत्रान्तर्गत चाइना कट सेक्टर-18 नोएडा के पास स्थित बीकानेर रेस्टोरेन्ट के बाहर बने बूथ से एक वर्ष की बच्ची को चोरी किया गया था। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी और इसको लेकर 6 टीमों का गठन किया गया था। इस घटना का सफल अनावरण किया गया है, बच्ची को पहले ही बरामद कर दिया गया और आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है।'

# खड़े ट्रक में पीछे से घुसी तेज रफ्तार कार

## कार सवार मां-बाप, बेटे समेत 5 की मौत





**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पीछे से घुस गई। यह सड़क हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के आगे का पूरा हिस्सा खत्म हो गया। हादसे में मां-बाप, बेटे समेत 5 की मौत हो गई।

मरने वालों में तीन महिलाएं हैं। यह सभी लोग निठारी अस्पताल से दादरी थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी जा रहे थे। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के अंतर्गत सुबह करीब 6 बजे वैगनआर कार ट्रक से टकरा गई। कार में देवी सिंह, उनकी पत्नी राजकुमारी, बेटा अमन सवार थे। इसके साथ ही अमन दो मौसी कमलेश और विमलेश भी सवार थीं। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई। यह लोग नोएडा की तरफ से परी चौक होते हुए अपने निवास स्थान काशीराम कॉलोनी घोड़ी बछेड़ी जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सेक्टर-146 मैट्रो स्टेशन के पास रोड के किनारे खराब खडे ट्रक में पीछे से जा घुसी। इससे कार चला रहे अमन की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है। पुलिस ने सड़क पर खड़े खराब ट्रक और क्षतिग्रस्त कार को हटवा दिया है। बताया जाता है कि ट्रक के टायर खराब थे, इस कारण ट्रक सड़क के किनारे खड़ा हुआ था। अगर पुलिस इस ट्रक को पहले ही हटा दिया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।




## चुनाव के बाद किस थानेदार पर बढ़ेगा खतरा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चुनाव के बाद एक थाना प्रभारी की मुश्किलें बढ़ाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात जोन में एक थाने के प्रभारी के लिए पूरा प्लान बन चुका है, उस पर कार्रवाई वाला चाबुक चलेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात के एक मामले में पहले पुलिस टीमों ने जो गलती की उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। देखना होगा इस मामले की आंच अभी तब तक शांत होती है। वैसे कमिश्नरेट वाले कह रहे हैं कि हालांकि इस मामले में पहले ही स्वॉट वाले प्रभारी पर कार्रवाई हुई है। तो उनके साथ सहयोग करने वाले पुलिस कर्मियों को भी क्राइम से सीधे लाइन का रास्ता दिखाया गया है। अब सूत्र बता रहे हैं कि मामला कुछ दिनों के लिए भले होल्ड पर चला गया हो लेकिन एसओ को बोल्ड किया जाएगा ऐसी जानकारी मिल रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात में होने वाली इस कार्रवाई के बाद टेंशन की चर्चा सिटी से भी हो सकती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वहीं नवंबर माह की कानून व्यवस्था वाली रिपोर्ट के बाद कई स्तर पर मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जिस महाराज जी की सरकार को कानून व्यवस्था का मास्टर कहा जाता हो उनके राज में भी कमिश्नरेट की बदलती स्थिति टेंशन बढ़ा सकती है। सूत्रों ने बताया है कि लखनऊ से जारी की गई कानून व्यवस्था की स्थिति वाली प्रदेश की जो रिपोर्ट आई है, उसमें बताया गया है कि पुलिस कमियनरेट गाजियाबाद सिस्टम का 18वां नंबर आया है। वहीं अब देखना होगा इस गिरती हुई रैंकिंग का असर कहां-कहां पर पड़ता है। किस-किस को फटकार व किसको बदला जाता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस थाना प्रभारी से जुड़ा कार्रवाई वाला मामला है, वह देहात जोन के हैं। उनके यहां हुई गड़बड़ी की वजह से कई दिनों तक सिटी और देहात के डीसीपी स्तर के अधिकारियों के बीच टेंशन वाला माहौल बना रहा था। हालांकि अभी सिटी पर तो कोई टेंशन वाली सूचना नहीं सुनाई दे रही है लेकिन असली टविस्ट चुनाव खत्म होने के बाद ही सामने आएगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कहां टेंशन होती है और कहां अधिक अटेंशन रहती है।




# पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक बदमाश घायल

## 20 दिन पहले गौकशी की घटना को दिया था अंजाम



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के सिंभावली में शनिवार की रात पुलिस और गौकशी करने वाले बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एक बदमाश को गोली लगी और वह घायल हो गया। जबकि उसके दो साथी भाग गए। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है। मौके से चोरी की गई बाइक, गौकशी के उपकरण, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि सिंभावली पुलिस संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तीन संदिग्ध युवक बाइक पर आए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। जबकि दो भाग निकले। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 20 दिन पहले की थी गौकशी

घायल बदमाश नईम, जो दिल्ली के ओखला का रहने वाला है। उस पर पहले भी गौकशी के आरोप लगे हैं। उसने करीब 20 दिन पहले सिंभावली में तीन बार गौकशी की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा संगठन के चुनाव की तैयारी शुरू

## 15 से 30 नवंबर के बीच होगा, बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति का इलेक्शन



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और चुनाव प्रभारी दिनेश शर्मा ने दिल्ली रोड स्थित प्रीत विहार में भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। संगठन चुनाव में पद मिलना एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है। इसका निर्वहन सभी को करना होता है।

### अपनी-अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे

उन्होंने बताया कि बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति का चुनाव होना है। जो 15 से 30 नवंबर के बीच में संपन्न किया जाना है। चुनाव की तिथि, स्थान और समय की सूचना शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारी को कम से कम तीन दिन पहले देनी होगी। सभी उम्मीदवार निर्धारित समय से एक घंटा पहले तक अपने नामांकन फार्म (ग) को भरकर देंगे। जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा, चुनाव की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शिता तरीके से संपूर्ण होगी।

जिले के चुनाव अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी सतपाल सैनी, विधायक विजयपाल सिंह, जिला महामंत्री प्रफुल्ल सारस्वत, राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, मोहन सिंह, गढ़ नगर पालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी, पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल, मालती भारती, पवन गर्ग, जिनेंद्र चौधरी, सौदान सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रियाद मेट्रो चलाएंगी हैदराबाद की महिला लोको पायलट, बोलीं- ये मेरे लिए बेहद गर्व की बात

**रियाद ।** हैदराबाद की रहने वाली इंदिरा ईगलपति सऊदी अरब के रियाद में मेट्रो को चलाने को उत्साहित हैं। इंदिरा ईगलपति उन महिला लोको पायलटों में से एक हैं, जो वर्तमान में रियाद मेट्रो संचालन से जुड़ी हैं। फिलहाल रियाद मेट्रो के ट्रायल रन चल रहे हैं और रियाद का रैपिड ट्रांजिट सिस्टम पूरा होने के करीब है। इंदिरा रियाद जाने से पहले भारत में हैदराबाद मेट्रो के साथ जुड़ी हुईं थी।



### हैदराबाद मेट्रो के साथ किया है काम

33 वर्षीय ईगलपति पांच साल से ट्रेन पायलट और स्टेशन ऑपरेशन मास्टर के रूप में रियाद में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि 'इस विश्व स्तरीय और प्रतिष्ठित परियोजना का हिस्सा बनना मेरे लिए वास्तव में गर्व का क्षण है, खासकर एक प्रवासी होने के नाते।' इंदिरा ईगलपति रियाद जाने से पहले हैदराबाद मेट्रो के साथ काम कर रहीं थी।

उसी दौरान उन्हें रियाद मेट्रो में रिक्तियों के बारे में पता चला तो उन्होंने आवेदन किया। भारत से इंदिरा ईगलपति और दो अन्य लोग साल 2019 में रियाद गए थे। हालांकि जल्द ही कोरोना के चलते लॉकडाउन लग गया तो उनका शुरूआती प्रशिक्षण वर्चुअली हुआ।

**2025 में शुरू होगा रियाद मेट्रो का संचालन**

रियाद मेट्रो का फिलहाल ट्रायल रन चल रहा है और रियाद मेट्रो सेवा का संचालन साल 2025 में शुरू होने की संभावना है। ईगलपति ने कहा कि अभी तक का उनका रियाद में अनुभव बहुत अच्छा रहा है।

सऊदी अरब के लोग बहुत मिलनसार हैं और उनकी संस्कृति भी अच्छी है। मैंने यहां पांच साल पूरे कर लिए हैं मैं इसके बारे में सोच भी नहीं सकती थी।

उन्होंने कहा कि 'महिला के तौर पर उन्हें कभी किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। यहां हमें समान अवसर मिलते हैं और यहां कोई लैंगिक भेदभाव नहीं है।'

इंदिरा ईगलपति, आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के धुल्लीपल्ला की निवासी हैं, लेकिन साल 2006 में वे हैदराबाद में बस गईं थी।

उनके पिता एक मैकेनिक थे, लेकिन उन्होंने अपने तीन बच्चों की शिक्षा में कभी समझौता नहीं किया। ईगलपति ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है, उनकी बड़ी बहन शिक्षिका हैं और सबसे छोटी बहन हैदराबाद मेट्रो में ट्रेन पायलट के तौर पर काम कर रही हैं।

# इस्राइल ने लेबनानी झंडा जलाने वाले वीडियो को लेकर सैनिकों की आलोचना की

**यरुशलम ।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। इस बीच, इस्राइली सेना ने शनिवार को सैनिकों के एक समूह पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समूह ने दक्षिणी लेबनान में लेबनानी झंडा जलाया, जहां वे ईरान समर्थित समूह हिजबुल्ला से लड़ रहे हैं।



### क्या है वायरल हो रही वीडियो में ?

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद सेना ने इसकी आलोचनी की। वीडियो में इस्राइल की वर्दी पहने करीब आधा दर्जन लोग धार्मिक नारा लगाते और नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि उनमें से एक लाइटर से झंडे में आग लगा रहा है।

**हमारी जंग आंतकवादी हिजबुल्ला के खिलाफः अद्रेई ।** सेना के प्रवक्ता अविचय अद्रेई ने कहा, 'हम दक्षिणी लेबनान में कुछ सैनिकों द्वारा लेबनानी झंडे को जलाने के कृत्य को आदेशों का उल्लंघन, रक्षा बलों के मूल्यों के साथ असंगत तथा लेबनान में हमारी सैन्य गतिविधियों के लक्ष्यों के साथ गलत संरेखण के रूप में देखते हैं। हमारी जंग आंतकवादी हिजबुल्ला के खिलाफ है, जो पंथ, विचारधारा या पहचान में कभी भी सही मायने में लेबनानी नहीं रहा है।' प्रतिबंध का कोई उल्लेख नहीं सोशल मीडिया पर दी गई प्रतिक्रिया में सैनिकों के खिलाफ किसी भी संभावित प्रतिबंध का उल्लेख नहीं किया गया था।

हालांकि, एक वीडियो को जारी किया गया था, जिसमें कथित तौर पर हिजबुल्ला के एक आतंकवादी ने लेबनान के झंडे को फाड़कर उसकी जगह समूह का बैनर लगा दिया था।

# रूस ने उत्तर कोरिया के साथ की रणनीतिक साझेदारी जानें रक्षा समझौते में किस मुद्दे पर बनी बात

**मास्को ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को उत्तर कोरिया के साथ एक रणनीतिक साझेदारी पर समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी में आपसी रक्षा का प्रावधान भी शामिल है जो कि अब कानून बन गया है। बता दें कि पुतिन और उत्तर कोरियाई तानाशाह नेता किम जोंग ने बीते महीने जून में प्योंगयांग में एक शिखर सम्मेलन के दौरान इस समझौते का ऐलान किया था।



### रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

प्योंगयांग में एक शिखर सम्मेलन के दौरान इस समझौते के तहत अगर कोई पक्ष सशस्त्र हमले का सामना करता है तो दोनों देशों को एक-दूसरे की मदद करने के लिए एक-दूसरे को बुलाने का अधिकार होगा। बता दें कि यह समझौता अब कानून बन चुका है क्योंकि इसे रूस की संसद द्वारा मंजूरी मिल चुकी है और यह आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें यह भी पुष्टि की गई है कि इस समझौते को रूसी संसद द्वारा मंजूरी दी गई है। प्योंगयांग शिखर सम्मेलन की बात अब अगर प्योंगयांग में हुई शिखर सम्मेलन की बात करें तो व्लादिमीर पुतिन ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों में महत्वपूर्ण वृद्धि की घोषणा की थी। जिसमें आक्रमण की स्थिति में एक-दूसरे की मदद करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया था।

बता दें कि पुतिन ने इस समझौते को अपनी दुर्लभ उत्तर कोरिया यात्रा के दौरान सफल रणनीतिक साझेदारी के रूप में बताया था ।

# कैंसर के इलाज के बाद सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचीं केट मिडलटन, प्रिंस विलियम भी रहे साथ

**लंदन ।** ब्रिटेन की राजकुमारी केट मिडलटन ने इस साल कैंसर के इलाज के बाद शनिवार को लंदन में एक स्मृति दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। वह रॉयल अल्बर्ट हॉल में लाल पोस्त से सजे काले कपड़े पहनकर पहुंचीं, जो उन लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया, जिन्होंने युद्ध में अपनी जान गंवाई है। इस कार्यक्रम में उनके साथ उनके पति प्रिंस विलियम और शाही परिवार के अन्य सदस्य भी थे। कुछ समय बाद किंग चार्ल्स भी शामिल हुए, जबकि उनकी पत्नी रानी कैमिला कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। कैमिला हाल ही में सीने में संक्रमण की बीमारी से उबरी हैं।



वेल्स की राजकुमारी केट ने सितंबर में बताया था कि उनका कीमोथेरेपी का इलाज पूरा हो गया है, लेकिन पूरी तरह से ठीक होने में समय लगेगा। उस समय, उन्होंने कहा था कि वह साल के अंत तक कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगी। अक्तूबर में उनकी आखिरी सार्वजनिक उपस्थिति थी, जब उन्होंने तीन युवा लड़कियों के शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। इन लड़कियों की उत्तर पश्चिमी इंग्लैंड में एक नृत्य कक्षा में हत्या कर दी गई थी।

बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को कहा कि स्मृति दिवस पर, केट ने सेनोटाफ युद्ध स्मारक पर होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होने की उम्मीद जताई है, जहां प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के दिन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। यह समारोह 11 नवंबर को आयोजित किया जाता है। अगले सप्ताह अपने सार्वजनिक कर्तव्यों पर लौट सकती हैं रानी कैमिला इसके अलावा, पैलेस ने कहा कि कैमिला अगले सप्ताह की शुरूआत में अपने सार्वजनिक कर्तव्यों पर लौट सकती हैं। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है, जिसके चलते वह इस सप्ताह अपनी नियोजित गतिविधियों में शामिल नहीं हुईं। बकिंघम पैलेस के अनुसार, कैमिला स्मृति दिवस को निजी तौर पर घर पर मनाएंगी। वहीं, प्रिंस विलियम ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को दक्षिण अफ्रीका में मीडिया से बात की।

### पिछला साल जीवन का सबसे कठिन समय था: प्रिंस विलियम

वहीं, प्रिंस विलियम ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को दक्षिण अफ्रीका में मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछला साल उनके जीवन का सबसे कठिन था, क्योंकि उनकी पत्नी केट और उनके पिता किंग चार्ल्स कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे।

# तालिबान शासन के दौरान पहली बार यूएनसीसीसी में हिस्सा लेगा अफगानिस्तान, अजरबैजान में होना है सम्मेलन

**काबुल ।** अफगानिस्तान में तालिबान शासन आने के बाद पहली बार अफगानिस्तान संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में हिस्सा लेने जा रहा है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एएफपी से कहा कि अजरबैजान में होने वाले सम्मेलन में अफगानिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेगा। यह शिखर सम्मेलन तालिबान सरकार के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान के लिए पहला हिस्सा बनने का अवसर है।



**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान**

### जलवायु परिवर्तन में अफगानिस्तान का स्थान

अफगानिस्तान को जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील देशों में छठे स्थान पर रखा गया है। जिसके आधार पर तालिबानी अधिकारियों ने सीओपी शिखर सम्मेलनों में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अलगाव के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय जलवायु वार्ता से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। बता दें कि इससे पहले अफगानिस्तान ने मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात में जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलनों में भाग लेने की कोशिश की थी और अब अजरबैजान से उन्हें सीओपी29 में शामिल होने का निमंत्रण मिला है।

**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान :** इसके साथ ही इस मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने कहा कि सोमवार को अजरबैजान की राजधानी बाकू में शुरू होने वाले शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि अफगानिस्तान का प्रतिनिधिमंडल किस हैसियत से शिखर सम्मेलन में भाग लेगा लेकिन सूत्रों ने बताया कि इसे पर्यवेक्षक का दर्जा मिल सकता है।

# ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी पर कसा तंज, अपने समर्थकों से की विपक्षी पार्टी की मदद की अपील

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को हरा दिया है, लेकिन अभी भी उनका डेमोक्रेटिक पार्टी पर निशाना साधना जारी है। अब अपने ताजा बयान में भी ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी पर तंज कसा है और दावा किया है कि चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी ने इतना पैसा खर्च किया कि अब उनके पास वेंडर्स का भुगतान करने के भी पैसे नहीं बचे हैं।



**ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट के जरिए कसा तंज :** डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'मुझे बेहद हैरानी हो रही है कि डेमोक्रेटिक पार्टी, जिन्होंने बहुत मेहनत और बहादुरी से 2020 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था और रिकॉर्ड संख्या में पैसा इकट्ठा किया था, अब उनके पास एक भी डॉलर नहीं बचा है। अब वेंडर्स और अन्य के द्वारा उन्हें निचोड़ा जा रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी के मुश्किल वक्त में हमें भी उनकी मदद करनी चाहिए। मैं अपील करता हूं कि एक पार्टी के तौर पर हमें एकजुट रहना चाहिए। हमारे पास अभी भी बहुत सारा पैसा बचा हुआ है क्योंकि प्रचार अभियान के दौरान हमारी सबसे बड़ी पूंजी हमारे खुद के द्वारा 'कमाया गया मीडिया' था और हमें उसके लिए बहुत सारा पैसा नहीं खर्च करना पड़ा।'

ट्रंप ने अपने इस पोस्ट के जरिए डेमोक्रेटिक पार्टी पर मीडिया को प्रभावित करने का अप्रत्यक्ष आरोप लगाया। गौरतलब है कि हालिया राष्ट्रपति चुनाव में दोनों ही पार्टियों ने जमकर पैसा खर्च किया और इस चुनाव को अमेरिकी इतिहास के सबसे महंगे चुनाव में एक बताया गया। चुनाव अभियान के दौरान चुनाव में कांटे की टक्कर दिखाई गई थी, लेकिन नतीजों ने सभी को हैरान किया और ट्रंप ने प्रचंड जीत हासिल की। ट्रंप की ऐतिहासिक जीत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है । कि सातों स्विंग स्टेट में ट्रंप को जीत मिली।

# हसीना की आवामी लीग के रैली के एलान पर भड़की सरकार

**ढाका ।** बांग्लादेश की सियासी गलियारों में लगातार हलचल मची हुई है। अब पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश से भागने के तीन महीने बाद उनकी पार्टी अवामी लीग ने रविवार को ढाका में मौजूदा सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन रैली का आह्वान किया। इस पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार भड़क उठी और आवामी लीग को ह्यफासीवादी करार देते हुए बांग्लादेश में रैली की इजाजत देने से इनकार कर दिया।





### आवामी लीग का ढाका में विरोध मार्च का आह्वान

दरअसल, अगस्त में छात्रों के विद्रोह के बाद से अवामी लीग के नेताओं और कार्यकताओं पर बढ़ते हमलों का सामना करते हुए पूर्ववर्ती सत्तारूढ़ पार्टी अपने अधिकांश शीर्ष नेतृत्व के जेल में या निर्वासन में रहने के कारण फिर से संगठित होने और अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश कर रही है। इसी के चलते पार्टी ने रविवार यानी 10 नवंबर को ढाका में विरोध मार्च का आह्वान किया।

सरकार ने कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को रविवार को प्रस्तावित रैली को आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने फेसबुक पर एक पोस्ट कर शनिवार को कहा कि अंतरिम सरकार देश में किसी भी तरह की हिंसा या कानून व्यवस्था को भंग करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी।

**एजेंसियों की सख्ती का करना पड़ेगा सामना ।** आलम ने कहा कि अवामी लीग अपने मौजूदा स्वरूप में एक फासीवादी पार्टी है।

किसी भी सूरत में इस फासीवादी पार्टी को बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति रैली, सभा और जुलूस आयोजित करने की कोशिश करेगा ।

# इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा में किए ताबड़तोड़ हमले

## महिला और बच्चों समेत 40 फलस्तीनियों की दर्दनाक मौत

**गाजा ।** फलस्तीनी नागरिकों द्वारा उत्तरी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने पर इस्राइल का आक्रामक रवैया दिखा। इस्राइली सेना ने गाजा पट्टी में ताबड़तोड़ हमले कर दर्जनों फलस्तीनी नागरिकों को मार गिराया। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से चिकित्सकों ने शुक्रवार शाम को कहा कि इस्राइली हमलों में सुबह से करीब 40 लोग मारे गए हैं, जिनमें उत्तर में 24 लोग शामिल हैं। एक महीने से ज्यादा समय से जारी घेराबंदी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। हालांकि, इस्राइली सेना का कहना है कि उसने आतंकवादियों को निशाना बनाया था।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार को तुफाह पड़ोस में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले फहद अल-सबा स्कूल को निशाना बनाया गया। हमलों में करीब छह फलस्तीनी नागरिक मारे गए। मृतकों में दो स्थानीय पत्रकार, एक गर्भवती महिला और एक बच्चा शामिल हैं।

### शुजाया इलाके में इस्राइली सेना ने की बमबारी

इसके अलावा, गाजा शहर के शुजाया इलाके में इस्राइली बमबारी में पांच और लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस्राइली स्नाइपर ने जिटौन पड़ोस में गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इस्राइली सेना ने दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में अल-मवासी के तथाकथित 'मानवीय क्षेत्र' में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर भी बमबारी की। इस हमले में करीब नौ लोगों की मौत हो गई। नासिर अस्पताल के अनुसार, मृतकों में एक बच्चा और दो महिलाएं शामिल थीं।

इस्राइली सेना ने मध्य गाजा में मुख्य स्वास्थ्य सुविधा अल-अक्सा शहीद अस्पताल के प्रांगण पर हवाई हमला करने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया। मार्च के बाद से परिसर पर यह आठवां इस्राइली हमला था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में कम से कम तीन लोग मारे गए और 26 घायल हो गए। संघर्ष के 400 दिनों में 43552 फलस्तीनियों की हुई मौत 7 अक्तूबर से इस्राइल पर हमास के हमले से शुरू हुए युद्ध का शनिवार को 400वें दिन था। इस दिन गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की कि संघर्ष में करीब 43,552 फलस्तीनी मारे गए हैं और 102,765 घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अधिक हो सकती है। एक अनुमान के मुताबिक, गाजा पट्टी में नष्ट हुई इमारतों के मलबे में 10,000 शव दबे हुए हैं।

### गाजा में गिराए गए लगभग 86,000 टन विस्फोटक

वहीं, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने गाजा में लगभग 70 फीसदी बच्चे और महिलाओं के मारे जाने पर निंदा की है।

# संयुक्त कश्यप महासभा ने किया केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का जोरदार स्वागत

## संजीव शर्मा सबसे अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे : जितिन प्रसाद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संयुक्त कश्यप महासभा एवं सर्व समाज उत्थान समिति द्वारा गाजियाबाद उपचुनाव भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद शामिल हुए, उन्होंने बताया कि गाजियाबाद सीट पर हम सबसे अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे और भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय हित पार्टी है जो हर वर्ग के व्यक्तियों का सम्मान करती है, यह जीत केवल संजीव शर्मा की नहीं बल्कि एक-एक कार्यकर्ता की जीत होगी।

सपा बसपा कांग्रेस यह वही पार्टी है जो सब की भावनाओं से खेलती हुई आई है, भारतीय जनता पार्टी अपने मेनिफेस्टो पर काम करती है। पल भर में 370 को भाजपा सरकार ने कश्मीर से हटा दिया और एक तिनका तक नहीं टूटा। यह भारतीय जनता पार्टी की स्ट्रैटेजी है जो दंगामुक्त प्रदेश के साथ काम करती है। विकास के साथ काम करती है, जो लोग अपनी सत्ताधारी सरकारों में काम नहीं कर पाए वह आज जुमलेबाजी करते हैं। भारतीय जनता पार्टी अपने प्रदेश के नागरिक के लिए काम करती है और करती रहेगी। आपसे यही निवेदन करता हूं कि आने वाली 20 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को भारी मतों से विजय बनाएं और यह जीत प्रत्येक कार्यकर्ता की होगी प्रत्येक विधानसभा के नागरिकों की होगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अविनाश शर्मा, अनिल कश्यप, सुनील कश्यप, संचालन कलवा कश्यप ने किया , दीपक कश्यप, गोपाल कश्यप, लोकेश कश्यप, अभिषेक कश्यप, किरणपाल कश्यप, विनय कश्यप, अजीत कश्यप, राहुल कश्यप, मूलचंद कश्यप, कविता कश्यप, पार्षद शीतल देओल, महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष गुप्ताजी, रविंद्र कश्यप, सुनील कश्यप, नागराज कश्यप, देशपाल कश्यप, भोला दास कश्यप, व हजारों हजार कश्यप समाज की माता-बहनों और बुजुर्गों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को जीतने का संकल्प लिया।



### संजीव शर्मा बनकर प्रचार-प्रसार करें कार्यकर्ता : अतुल गर्ग

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग बोले कि संजीव शर्मा को मेरे से भी ज्यादा अधिक वोटों से विजय बनाना है। यह प्रत्येक कार्यकर्ता का चुनाव है और प्रत्येक कार्यकर्ता को संजीव शर्मा बनकर प्रचार-प्रसार करना है।

### संजीव शर्मा को कश्यप समाज दिलाएगा ऐतिहासिक जीत : सुरेश कुमार कश्यप

**करंट क्राइम।** सुरेश कुमार कश्यप पूर्व एमएलसी बोले कि आने वाली 20 तारीख को भाजपा के पक्ष में मतदान कर हमारे प्रत्याशी संजीव शर्मा को वोट देकर एक ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है जो कि आने वाले समय में गाजियाबाद का चौमुखी विकास कर सके। कश्यप समाज गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में एकतरफा मतदान कर रहा है और साथ-साथ पिछड़ा समाज है। संजीव शर्मा बनकर संजीव शर्मा के लिए प्रचार भी कर रहा है और भारी मतों से विजय भी दिला रहा है। कुछ लोग जो कह कर गए थे कि भाजपा ने चुनाव की डेट बढ़ा दी है उनको यह ज्ञात नहीं कि भारतीय जनता पार्टी सबका विश्वास और सबकी आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं करती है। त्योहारों को देखते हुए चुनाव आयोग ने डेट बढ़ाई है और हम चुनाव आयोग का स्वागत करते हैं और उनकी बताई हुई तारीख पर प्रचंड बहुमत के साथ हम 9 की 9 सीट जीतेंगे। जिस तरीके से भगवान श्रीराम को सरयू नदी पार कराकर सबका बेड़ा पार किया था, उसी तरीके से कश्यप समाज संजीव शर्मा को ऐतिहासिक जीत दिला कर उनका बेड़ा पार लगाएगा।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व पार्षद हिमांशु लव का दिखा उस दिन सच्चे कार्यकर्ता वाला किरदार? जब मुख्यमंत्री थे गाजियाबाद में मौजूद और वो कार्यक्रम में देना चाहते थे वो दीदार? कहने वाले ने कहा वो कार्यक्रम में गये दो बार? मगर पास नहीं होने की वजह से उन्हें लौटा दिया गया यार? तीसरी बार हुई उनकी भगवा कमांडर से बात? तब जाकर हुआ उनका आयोजन में जाने का रास्ता साफ? अगर होता कोई और पहली बार ही इग्नोर होने पर चल देता वो अपने घर की ओर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? लोनी की क्रान्तिकारी धरा में एक दूसरा गुर्जर नेता करने जा रहा है क्रान्तिकारी आगाज? इस नेता की एन्ट्री कर देगी यहां के बड़े बड़े नेताओं को हैरान? सुना है इन्होंने इस बार अपना किरदार बदल लिया है श्रीमान? फ्रंट फु ट पर आकर मारेंगे ये शॉट? सच बतायें दिसम्बर से हो जायेगा क्षेत्र की राजनीति का मामला फिर से हॉट? इन्होंने खुद को कर लिया है हर तरीके का तीर झेलने के लिए तैयार? कुछ अलग ही रहेगी इस बार इनकी हुंकार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने ऐसी क्या है मजबूरी? दो पूर्व प्रत्याशियों ने बनाई हुई है बंधन वाले उम्मीदवार के चुनाव प्रचार से दूरी? दोनों अभी तक नहीं आये हैं नजर उम्मीदवार के साथ? जब कि दोनों का इस सीट पर चुनाव लड़ने का अनुभव है खास? सुना है उम्मीदवार भी नहीं दे रहे हैं इन दोनों को कोई भाव? आप ही बताओ जो चुनाव लड़े हों उनसे दूरियां बनाकर क्या कोई लड़ता है इस तरह से चुनाव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिराजीपुरम वाले एरिया में हाल ही में भगवा हुए मैम्बर राधेश्याम का जाप करके करते हैं सारे काम? सुना है इन्होंने इस बार कर लिया है तेरे नाम वाले राधे भैया की तरह सामने वालों को हिंदी में समझाने का तैयार प्लान? तलाब में कोई गंदगी ना डाले, इसको लेकर इन्होंने डाल दिया है कुर्सी डालकर तलाब के पास ही डेरा? अगर किसी ने तलाब को गंदा करने की कोशिश की तो फिर हैप्पी नहीं होने देंगे ये उसका सवेरा? अपना लिया है इन्होंने तलाब की सफाई को लेकर सख्त रूख? अगर किसी ने की कूडा डालने की हिमायत, तो फिर उसकी हो जायेगी धुकचुक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के 41 नम्बरी मैम्बर इस वक्त हैं बहुत ज्यादा हैरान? सुना है वो खुद तो वो दो पहिया से चलते हैं, मगर उनके वार्ड में कोई स्कॉरपियो पर पार्षद लिखकर दे रहा है अपनी उपस्थिति का पैगाम? इस पैगाम ने किया हुआ है पार्षद को बहुत ज्यादा हैरान? सुना है उन्होंने स्कॉरपियो वाले की खाकी वालों के पास शिकायत करने का बना लिया है प्लान? उन्हें समझ नहीं आ रहा आखिर एक मयान में कैसे सैट होगी दो तलवार? हम हैं ओरिजनल तो फिर कौन हमारा नाम लेकर क्षेत्र में माहौल बना रहा है यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे भैया जी के तमाम कार्यक्रम में मौजूद? हमने देखा एक दावेदार का नहीं दिखाई दे रहा था भैया जी के साथ किसी भी कार्यक्रम में वजूद? उनकी अनुपस्थिति को लेकर भैया जी के समर्थक ही कर रहे थे चर्चा? कह रहे थे हो सकता है दावेदार शहर से हो बाहर? ऐसा तो हो ही नहीं सकता कि भैया शहर में हों और ना दे वो अपने दीदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने नदिया पार के भगवा जैन को कैसे मिल रहा है चैन? सुना है उनके वार्ड में किसी ने उगाही के मामले में किया हुआ है चाय वाली दीदी को बेचैन? हाल ही में एक चेहरे ने चाय वाली दीदी के यहां पर जाकर मंथली दो हजार रुपए देने की रखी है डिमांड? हमें तो हैरानी इस बात की है कि चाय वाली के दर्द को अभी तक क्यों नहीं सुन पाये हैं जैन साहब के कान? हमें पता है जैसे ही उनको खबर लगेगी, वो नहीं लेने देंगे उगाही की डिमांड रखने वाले को चैन? जैन साहब को जनता का नेता बताया जाता है? नहीं लेने देंगे वो बेचैन करने वाले को चैन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चुनाव के बीच में छिड़ी हुई है कौन बनेगा महानगर अध्यक्ष वाली बात? हमें अंदर से पता चला है भगवागढ़ के दो मंत्रियों में से एक मंत्री ने रख दिया है वैश्य चेहरे के कंधे पर हाथ? एक मीटिंग में उन्होंने कर लिया है वैश्य चेहरे से वादा? कह दिया है आप जैसे मजबूत चेहरे को अध्यक्ष बनाने का है हमारा इरादा? कहने वाले ने कहा जिनके साथ नजर आ रही है मंत्री जी की फेवर? उन वैश्य नेता को मिल रहा है इस वक्त अपनी कर्मठता के चलते कईयों का फेवर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर इस बार नहीं चूकना चाहते हैं अध्यक्ष पद को लेकर भगवा चौहान? तो जनरली उनको बदलना पड़ेगा इस बार अपना प्लान? उन्हें खुले दिल से स्वीकार करनी होगी बड़े वैश्य नेता की सत्ता? नहीं तो कभी भी पिट सकता है उनका पत्ता? सुना है वैश्य नेता के खास चेहरों ने डाला हुआ है उनके खिलाफ सिस्टम में ऐरर? भले ही कितना ही मजबूत हो चौहान साहब का राजनीति में टेरर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिनके अंदाज हमेशा रहते थे राजनीति में भारी? सुना है आजकल दिखाई नहीं दे रही हैं ऐसी भगवा मैडम भंडारी? जो अपनी सक्रियता से देती थी हर जगह मजबूत पैगाम? उनके दीदार आजकल चुनाव में नहीं हो रहे हैं श्रीमान? वैसे लखनऊ के गलियारों में दी हुई है मजबूत दस्तक? मगर ना जाने क्यों गाजियाबाद की राजनीति में नहीं दिखाई रहा है उनका मस्तक?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# नगर निगम गाजियाबाद शहर को लगाएगा चार चांद

## ठाकुर द्वारा स्कूल से हापुड़ चुंगी तक डेकोरेटिव पॉल से शहर बनेगा और सुंदर





### महापौर ने किया 1 करोड़ 80 लाख का बजट पास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की ओर से शहर को लगातार सुन्दर बनाने का प्रयास किया जा रहा है और ऐसा ही प्रयास ठाकुर द्वारा स्कूल से हापुड़ चुंगी तक पूरी सड़क पर डेकोरेटिव पॉल लगाने का कार्य किया जाएगा जिसका बजट 1 करोड़ 80 लाख महापौर सुनीता दयाल ने 15 वित्त आयोग से पास कर दिया है। यह डेकोरेटिव पॉल लगने से शहर की एक मुख्य सड़क बहुत ही सुंदर दिखने लगेगी।



### शहर के मुख्य मार्गों के साइट ग्रीन बैल्ट का भी होगा ब्यूटीफिकेशन : महापौर

**करंट क्राइम।** शहर के मुख्य रास्तों से साथ लगी ग्रीन बेल्ट का भी ब्यूटीफिकेशन किया जाएगा जिसकी योजना महापौर एवं नगर निगम अधिकारियों ने बना ली है और इस कार्य के होने से भी शहर सुंदर लगेगा। इस ग्रीन बेल्ट में विभिन्न प्रकार के फूलों का परिवार, पशुओं के स्टेचू, लैंडस्केपिंग और अच्छी प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी जिससे शहर का साफ सुंदर नजारा देखने को मिलेगा। महापौर सुनीता दयाल ने बताया हापुड़ रोड पर अधिकतर वीआईपी मोमेंट रहता है, शहरवासियों का भी अधिकतर वही से निकलना होता है और कलेक्ट्रेट होने के कारण शहर में बाहर से भी लोगों का आना-जाना रहता है। यह सड़क सुंदर बनेगी तो शहर के प्रति अच्छा मैसेज जाएगा और इसी प्रकार ग्रीन बेल्ट का भी ब्यूटीफिकेशन होने से गाजियाबाद की सूरत बदल जाएगी, जिसकी योजना बनाई जा चुकी है और जल्द ही उस पर कार्य शुरू किया जाएगा।



# महापौर सुनीता दयाल ने मांगे भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए विजय नगर में वोट

## सभी कार्यकर्ता 20 नवम्बर को घर-घर जाकर वोटर को बूथ तक लेकर जाएं : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा के रिक्त होने के बाद उप चुनाव में संजीव शर्मा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। इस सीट को जीतने के लिए सभी लोग चुनाव में उतर गए हैं। इसी प्रकार महापौर सुनीता दयाल भी अपनी पूरी ताकत के साथ संजीव शर्मा को चुनाव जीताने के लिए मैदान में उतार चुकी हैं।

**भाजपा प्रत्याशी के लिए महापौर ने की बैक टू बैक 5 नुक्कड़ चुनावी सभाएं :** रविवार को महापौर सुनीता दयाल ने वार्ड 48 एफ ब्लॉक प्रताप विहार मिजार्पुर, वार्ड 7 बिहारीपुरा, लाल क्वार्टर, और अजंता एनक्लेव सुदामापुरी में बैक टू बैक 5 चुनावी नुक्कड़ सभाएं की हैं जिनमें शहर की जनता ने महापौर का भरपूर सहयोग किया और उत्साह के साथ वोट डालने का आश्वासन भी दिया है। विधानसभा उप चुनाव के लिए महापौर ने की सभी वार्डों के पार्षदों की जिम्मेदारी तय : महापौर से शहर विधानसभा के पार्षदों की भी बैठक कर सभी को अपने-अपने वार्ड की जिम्मेदारी तय की है और कहा है कि आप सभी अपने वार्डों में सभाए, चाय पर चर्चा, नुक्कड़ सभाएं, डोर टू डोर, किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार के लिए मुझे वार्ड में बुलाएं, मेरे कार्यक्रम लगवाएं और सभी लोग वार्ड में जनता के संपर्क में रहें। किसी प्रकार की परेशानी हो तो मुझे बताएं मैं आऊंगी वार्डों में। संजीव शर्मा की भारी मतों से जीत के लिए महापौर ने लगाई ताकत : महापौर सुनीता दयाल ने विजय नगर की जनता से रूबरू होकर 20 नवम्बर को संजीव शर्मा के लिए लिए वोट मांगे हैं और कहा कि आप सभी शहर में पुराने समय से रह रहे हैं, आपने बसपा और सपा का शासन भी देखा है और भाजपा का शासन भी। आप स्वयं ही बताएं आप पहले सुरक्षित थे या आज। अपनी बेटियों को कॉलेज भेजते हुए भी डर लगता था लेकिन आज कोई आंख उठाकर हमारी बेटियों की तरफ नहीं देख सख्ता। उनके समय मे गुंडे सड़कों पर थे और आज जेल में या रेल में। क्या आप वही शासन चाहते हैं। 20 नवम्बर को सभी एकजुट होकर पहले मतदान करें फिर जलपान और हमारे प्रत्याशी संजीव शर्मा को भारी बहुमत के साथ विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का कार्य करें जिससे वह आपके क्षेत्र में विकास की बात बढ़-चढ़कर करें। गणमान्य लोग मौजूद रहे : इस दौरान पार्षद मुन्नी देवी कश्यप, थान सिंह कश्यप, पूर्व पार्षद प्रत्याशी देवेन्द्र चौधरी, बिरमी पाल, दिनेश पाल, भूपेन्द्र पाल, छोटे लाल पाल, सुशील पाल, दीपक पाल, प्रदीप पाल, संजीव शर्मा, शिव कुमार गौतम, सतेंद्र चौधरी, जगवीर सिंह, ऋषिपाल तेवतिया, बिजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सिक्ख गुरुओं के आदर्शों व शहादत को यथासंभव सम्मान दे रही है केंद्र व प्रदेश सरकार : सरदार एस पी सिंह





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अल्पसंख्यक आयोग उप्र के पूर्व सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एस पी सिंह ने पन्ना प्रमुख संवाद सभा के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा सिक्ख गुरुओं के आदर्शों व शहादत को यथावत सम्मान देने के लिए समाज की ओर से आभार व धन्यवाद व्यक्त किया था। सरदार एसपी सिंह ने बताया कि इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार बिना तुष्टिकरण के समाज के सभी वर्गों के सम्मान व विकास के लिए कार्य कर रही है। सिक्ख गुरुओं के आदर्श व शहादत हमें देश व धर्म की रक्षा के लिए तथा मानवता व भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा व गुरु नानक जयंती की शुभकामनाएं भी दीं।

# पुलिस की गैंगस्टर के साथ मुठभेड़

## जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल, एक्सप्रेस-वे पर वाहनों से करता था लूटपाट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में थाना मसूरी क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक वांटेड को पुलिस की गोली लगी है। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में घायल बदमाश गैंगस्टर है। उस पर एक दर्जन से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं। ये बदमाश एक्सप्रेस-वे पर वाहनों से लूटपाट किया करता था। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने बाइक, हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। गाजियाबाद में एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना मसूरी पुलिस दिल्लीृ- मेरठ एक्सप्रेस-वे अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कुशलिया की तरफ से एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार अपनी बाइक को पीछे मुड़कर भागने लगा। इसी दौरान उसकी बाइक फिसल गई और वह नीचे गिर गया। पुलिस जब उसके पास पहुंचने लगी तो गिरे बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के लगी है। पुलिस हिरासत में पूछताछ पर बदमाश ने अपना नाम बिलाल पुत्र हनीफ निवासी नेकपुर थाना मुरादनगर बताया है। पुलिस के मुताबिक बिलाल गैंगस्टर है और इस पर एक दर्जन संगीन मुकदमे दर्ज हैं। एक्सप्रेस-वे पर यह वाहनों से लूटपाट किया करता था। इसके कब्जे से तमंचा -कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शगुन वाली बेला आ गई है। शादी सीजन शुरू हो रहा है। भांजी की सगन सेरेमनी की खुशियों को जसमीत सिंह ने साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।